श्रावण मास, कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 274, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | रविवार 30 अक्टूबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance ) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस लाख वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

क्रियायोग से सभी प्रकार की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित।



10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

## शक्कर के एक्सपोर्ट पर अगले आदेश तक रोक




**नई दिल्ली:** सरकार ने शक्कर यानी चीनी के निर्यात पर लगे प्रतिबंध को अक्टूबर 2023 तक बढ़ा दिया है। घरेलू बाजार में इसकी बढ़ती कीमत को देखते हुए 1 जून 2022 से 31 अक्टूबर 2022 तक चीनी एक्सपोर्ट पर प्रतिबंध लगाया गया था। कीमतों में यह बढ़ोतरी शक्कर के रिकार्ड एक्सपोर्ट के बाद हुई थी। भारत दुनिया का सबसे बड़ा चीनी उत्पादक और ब्राजील के बाद दूसरा सबसे बड़ा निर्यातक है। बांग्लादेश, इंडोनेशिया, मलेशिया और दुबई भारतीय चीनी के सबसे बड़े खरीदारों में शामिल हैं।

**इस साल 82 लाख मीट्रिक टन चीनी का निर्यात:** बीते साल देश ने भारी मात्रा में चीनी का निर्यात किया है। पिछले साल 60 लाख मीट्रिक टन तक चीनी निर्यात का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन असल में 70 छटळ चीनी एक्सपोर्ट कर दी गई। इसी तरह इस साल भी 82 लाख मीट्रिक टन चीनी शुगर मिल से एक्सपोर्ट की गई। इस साल का चीनी निर्यात अब तक का सबसे ज्यादा माना जा रहा है।

**भारत के पास 16 मिलियन का सरप्लस:** चीनी एक्सपोर्ट को सीमित करने की सरकार की योजना काफी ज्यादा ऐहतियात वाली लगती है। ऐसा इसलिए क्योंकि चीनी की घरेलू आपूर्ति प्रचुर मात्रा में है। इंडियन शुगर मिल्स एसोसिएशन के अनुसार, भारत में इस सीजन में 35 मिलियन टन उत्पादन और 27 मिलियन टन की खपत होने की उम्मीद है। पिछले सीजन के लगभग 8.2 मिलियन टन के भंडार सहित 16 मिलियन का सरप्लस है।

**गेहूं के निर्यात पर भी लगा है प्रतिबंध:** गेहूं के बढ़ते दामों को देखते हुए भारत ने इसी साल मई में इसके एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था। भारत ने बढ़ती घरेलू कीमतों को नियंत्रित करने के उपायों के तहत गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## ड्रोन से आतंकी हमलों का खतरा



**नई दिल्ली:** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की काउंटर टेररिज्म कमेटी की स्पेशल मीटिंग का दूसरा दिन है। मुंबई के बाद कमेटी की मीटिंग दिल्ली में हुई। इस मीटिंग में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तकनीक के जरिए आतंकी हमलों को अंजाम दिए जाने की चेतावनी दी। जयशंकर ने कहा कि कम लागत और आसानी से मिलने की वजह से दुनियाभर में ड्रोन हमलों का खतरा बढ़ गया है। विदेश मंत्री ने कहा कि आतंकवादी समूह इंटरनेट का इस्तेमाल समाज को अस्थिर करने के लिए कर रहे हैं। उनके लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म भी कट्टरता और षड्यंत्र फैलाने का टूलकिट बन गए हैं। टेक्नोलॉजी की आसानी से उपलब्धता ने आतंकियों की क्षमताएं बढ़ा दी हैं। इसके जरिए वे आसानी से कहीं भी हमला कर सकते हैं। यूएनएससी काउंटर टेररिज्म कमेटी की बैठक के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सदस्यों ने आतंकी हमलों में जान गंवाने वालों, पीड़ितों और उनके परिवारों को याद करते हुए एक मिनट का मौन रखा।

**एशिया और अफ्रीका में आतंकवाद का खतरा सबसे ज्यादा:** जयशंकर ने कहा कि इस बैठक से ये साबित होता है कि काउंटर टेररिज्म सुरक्षा परिषद की प्राथमिकता बन गया है। उन्होंने कहा- दिल्ली में हो रही इस बैठक में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय के सदस्यों की उपस्थिति ये बताती है कि यूएन के सदस्य और स्टेकहोल्डर्स आतंकवाद को खत्म करना चाहते हैं। बावजूद इसके आतंकवाद का खतरा बढ़ रहा है। यूएनएससी की 1267 समिति के मुताबिक, आतंकवाद का सबसे ज्यादा खतरा एशिया और अफ्रीका में है। भारत आतंकवाद से निपटने के लिए संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड में आधा मिलियन डॉलर, यानी करीब 4 करोड़ रुपए की मदद देगा। आज दिल्ली में हुई मीटिंग में आतंकवादी हमले में इंटरनेट और सोशल मीडिया का इस्तेमाल, फंड रेज के लिए भुगतान की नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल और ड्रोन जैसे मानव रहित एयर डिवाइस से निपटने को लेकर चर्चा हुई।

### ग्लोबल टेररिस्ट्स को बचा रहे देश: जयशंकर

**संयुक्त** राष्ट्र सुरक्षा परिषद की काउंटर टेररिज्म कमेटी की पहली बैठक 28 अक्टूबर को मुंबई के ताज होटल में हुई थी। बैठक में भारत ने दुनिया के सामने मुंबई में हुए 26/11 हमले में पाकिस्तानी आतंकी साजिद मीर का ऑडियो प्ले किया, जिसमें वह फोन पर आतंकियों से कह रहा है- जहां भी मूवमेंट दिखे, जहां भी लोग हों वहां फायर ठोको। न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 77वें सत्र को संबोधित करते हुए एस जयशंकर ने कहा था- ग्लोबल टेररिस्ट्स को बचाने वाले देश बयानबाजी करके हकीकत नहीं छिपा सकते। उनका इशारा चीन और पाकिस्तान की तरफ था। उन्होंने कहा- हमें आतंकवाद बर्दाश्त नहीं है। आतंकवाद फैलाने और आतंकियों को पनाह देने वाले देशों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

## राम रहीम की पैरोल पर बवाल



**चंडीगढ़:** साध्वियों के यौन शोषण और हत्या के दोषी राम रहीम की पैरोल पर बवाल बढ़ गया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के एडवोकेट एचसी अरोड़ा ने हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी को लीगल नोटिस भेजा है। उन्होंने राम रहीम की पैरोल तत्काल रद्द करने की मांग की है। इसके अलावा राम रहीम के दिवाली पर रिलीज गाने 'नित दी दिवाली' पर भी रोक लगाने की मांग की है। एडवोकेट ने कहा कि पैरोल पर बाहर आए डेरा प्रमुख को लोकप्रियता हासिल करने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

**सत्संग पर भी खड़े किए सवाल:** चंडीगढ़ के वकील एचसी अरोड़ा ने हरियाणा के उर को भेजे नोटिस में कहा है कि राम रहीम को साध्वियों के यौन शोषण और हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया है। हरियाणा सरकार ने उन्हें 40 दिन की पैरोल दी, जिसके दौरान वह यूपी के बागपत में रहकर सत्संग कर रहा है। एडवोकेट ने राम रहीम के ऑनलाइन सत्संग पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। उन्होंने कहा कि इसमें सत्ताधारी दल बीजेपी और विपक्षी दलों के नेता राम रहीम से आशीर्वाद ले रहे हैं। इससे पंचायत चुनाव और आदमपुर उपचुनाव की निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। राम रहीम के गाने 'साड़ी नित दिवाली' पर भी एडवोकेट ने सवाल खड़े किए हैं। उर संजीव कौशल को भेजे नोटिस में कहा गया है कि सरकार ने उसके गाने को यूट्यूब से हटाने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।

## पहले भैंस, फिर गाय, अब बैल से टकराई वंदे भारत, ट्रेन का सामने का हिस्सा टूटा



**अहमदाबाद: देश** की सबसे तेज ट्रेन वंदे भारत शनिवार को हादसे का शिकार हो गई। ये हादसा गुजरात के अतुल रेलवे स्टेशन के पास हुआ, जब मुंबई से गांधीनगर जा रही ट्रेन के सामने बैल आ गया। टक्कर से ट्रेन का आगे का हिस्सा टूट गया। हालांकि, कुछ देर रुकने के बाद ट्रेन फिर रवाना कर दी गई। अक्टूबर में वंदे भारत अब तक तीन बार मवेशियों से टकराई है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह घटना सुबह 8 बजकर 17 मिनट पर हुई, जब वंदे भारत एक्सप्रेस वलसाड़ के अतुल रेलवे स्टेशन से गुजर रही थी। तभी उसके सामने एक बैल आ गया। उसके टकराने से ट्रेन का सामने का हिस्सा टूट गया। घटना के बाद ट्रेन करीब 26 मिनट तक स्टेशन पर खड़ी रही, जिसके बाद उसे रवाना किया गया।

**मवेशियों के झुंड से टकराई वंदे भारत एक्सप्रेस:** 22 दिन पहले 7 अक्टूबर को मुंबई सेंट्रल-गांधीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस मवेशी से टकराई थी। जानकारी के अनुसार, गांधीनगर से जाते समय वडोदरा सेक्शन में आनंद स्टेशन के पास ट्रेन के आगे गाय आ गई, इससे ट्रेन के आगे के हिस्से में मामूली डेंट पड़ा था। 10 मिनट रुकने के बाद ट्रेन को फिर रवाना कर दिया गया था।

### दिल्ली में चलती कार के ऊपर आतिशबाजी

**नई दिल्ली:** दिल्ली-एनसीआर में पटाखों पर बैन के बावजूद दिवाली पर कई इलाकों में पटाखे फोड़े गए। गुरुग्राम में एक चलती कार की डिक्की पर आसमानी आतिशबाजी की गई। इस मामले में सिकंदरपुर से 3 युवकों को अरेस्ट किया गया है। आरोपियों की पहचान नकुल, कृष्ण और जतिन के रूप में हुई है। इनके पास से हुंडई वरना, इटह कार और मोबाइल बरामद किए गए हैं। वीडियो वायरल होने के बाद दिल्ली के डीएलएफ फेज- 3 थाने में केस दर्ज हुआ। सिकंदरपुर से इस मामले में 3 लोगों को अरेस्ट किया गया है।

## दिल्ली में सरेशाम छात्र की चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली:** दिल्ली के पटेल नगर में दो लड़कों ने सरेशाम एक छात्र की हत्या कर दी। हमलावरों ने पहले छात्र को उसके घर के पास गली में घेरा फिर ताबड़तोड़ चाकू मारकर उसे मार डाला। मृतक और आरोपी सब नाबालिग हैं। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना शुक्रवार शाम की है। लड़का कंप्यूटर की कोचिंग पढ़कर लौट रहा था। तभी दो लड़कों ने उसे घेर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी लड़कों ने कुछ दिन पहले छात्र की बहन से छेड़छाड़ की थी। छात्र ने इसका विरोध किया था। इसी का बदला लेने के लिए उसकी हत्या की गई। दोनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है।

**सीसीटीवी में दिखी पूरी घटना-** फुटेज में दिख रहा है कि तीन लड़के एक गली में लड़ रहे हैं। एक लड़का चाकू निकालकर वार करने लगा है। कुछ सेकंड बाद छात्र की पीठ पर चाकू घोंप दिया जाता है। वीडियो में उसकी रीढ़ की हड्डी के पास चाकू फंसा हुआ दिखाई दे रहा है। छात्र को मारकर आरोपी भाग गए। घायल छात्र मदद के लिए अपना फोन निकालता है, लेकिन किसी से बात करने से पहले ही नीचे गिर जाता है।

## इंडियन डिफेंस सेक्टर देता है सबसे ज्यादा नौकरियां



**नई दिल्ली:** नौकरी या रोजगार देने के मामले भारत की डिफेंस मिनिस्ट्री दुनिया में सबसे आगे है। यह दावा जर्मन कंपनी स्टेटिस्टा ने की है। स्टेटिस्टा जर्मनी की एक प्राइवेट ऑर्गेनाइजेशन है, जो दुनियाभर में अलग-अलग मुद्दों पर डाटा या आंकड़े जारी करती है। रिपोर्ट में भारत की डिफेंस मिनिस्ट्री को दुनिया का सबसे बड़ा इम्प्लोयर (नौकरी देने वाला) बताया गया है। इस मामले में अमेरिका दूसरे और चीन तीसरे नंबर पर है। स्टेटिस्टा के मुताबिक मौजूदा सरकार ने रक्षा विभाग में 29.2 लाख लोगों को नौकरी दी है। ये नौकरियां तीनों सेनाओं (एयर फोर्स, नेवी और आर्मी) के सभी डिपार्टमेंट में दी गई हैं। भारत के बाद अमेरिकी डिफेंस मिनिस्ट्री का नंबर है। यहां 29.1 लोगों को नौकरी दी गई। वहीं, चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने 25 लाख लोगों को नौकरी दी।

**वॉलमार्ट में 23 लाख, अमेजन में 16 लाख कर्मचारी- रिपोर्ट:** रिपोर्ट्स की माने तो अमेरिकन कंपनी वॉलमार्ट के पास सबसे अधिक कर्मचारी हैं। वॉलमार्ट ने 23 लाख लोगों को नौकरी दी। वहीं, अमेजन के पास 16 लाख कर्मचारी है। अमेजन भी अमेरिकन कंपनी है।

**सैन्य खर्च में भारत तीसरे नंबर पर:** स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के मुताबिक, विश्व सैन्य खर्च 2021 में 2.1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया। सबसे ज्यादा सैन्य खर्च के मामले में अमेरिका टॉप पर है। इसके बाद चीन और फिर तीसरे नंबर पर भारत है।

## दिल्ली में इंडिगो प्लेन के इंजन में लगी आग, सभी 184 यात्री सुरक्षित

**नई दिल्ली:** एयरपोर्ट पर शुक्रवार रात 9:45 बजे इंडिगो एयरलाइंस की फ्लाइट के इंजन में टेक ऑफ के दौरान आग लग गई। खतरे को भांपते ही पायलट ने इसे रनवे पर ही रोक दिया। इसमें 184 पैसेंजर थे। सभी सुरक्षित हैं। इंडिगो की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि तकनीकी खराबी की वजह से चिंगारी दिखाई दीं। इस घटना पर डीजीसीए ने कहा कि टेकऑफ के दौरान फ्लाइट के इंजन-2 में जोरदार धमाका सुना गया था, जिसके कारण उसमें आग लग गई। डीजीसीए के मुताबिक आग पर काबू कर फ्लाइट को ग्राउंडेड कर दिया गया है। हादसे की वजह की जांच की जा रही है और इसमें जो भी दोषी होंगे उसके खिलाफ कार्रवाई होगी।

**पैसेंजर ने बनाया वीडियो:** इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसे प्लेन में मौजूद पैसेंजर ने बनाया है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि प्लेन टेक ऑफ के लिए रनवे पर दौड़ता है, तभी अचानक चिंगारी उठने लगती हैं। देखते ही देखते चिंगारी आग का रूप ले लेती है। पायलट तुरंत प्लेन को रनवे पर ही रोक देता है। फिर सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

## बढ़ेगी ठिठुरन: चार महीने पड़ेगी कड़ाके की ठंड



**नई दिल्ली:** अक्टूबर का महीना गुजरने के साथ मौसम का रुख भी पलटने वाला है। देश में एक साथ एक्टिव हुए दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस 10 राज्यों में ठिठुरन भरी सर्दी लाएंगे। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान के साथ गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना में तापमान 6 से 7 नवंबर के बीच तेजी से गिरेगा। दिन और रात के तापमान में 11 से 17 डिग्री का अंतर आने के आसार हैं। मौसम विभाग ने बताया है कि इस समय उत्तर और पश्चिम से लेकर मध्य भारत तक ड्राइ नॉर्थ-वेस्ट हवाएं चल रही हैं। उत्तर के पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद ये हवाएं बर्फीले इलाकों से गुजरती हुई मध्य भारत तक ठंडक लेकर पहुंचेंगी। इनकी वजह से ही 6 नवंबर से देश में दो वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से उत्तर से लेकर मध्य भारत तक दिन में भी ठिठुरन महसूस होगी।

**दिन में मौसम साफ रहेगा, सुबह-शाम सर्दी बढ़ेगी:** अगले हफ्ते से गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश में आसमान साफ रहने से रात से सुबह के समय सर्दी महसूस होगी, लेकिन दोपहर का तापमान अभी 30 से 35 डिग्री के बीच ही रहेगा। मध्य भारत तक के हिस्सों में सुबह और शाम के समय धुंध और कुहासा छा सकता है। बिल्कुल खुले स्थानों पर हल्का कोहरा भी छा सकता है। दूसरी तरफ, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और समूचे उत्तर-पूर्वी राज्यों में मौसम शुष्क बना रहेगा। अगले एक हफ्ते में धीरे-धीरे तापमान गिरेगा।

**बारिश ज्यादा हुई, पर इसका सर्दी पर असर नहीं:** मौसम विभाग के रिकॉर्ड बताते हैं कि कम या ज्यादा बारिश का सर्दी से संबंध नहीं होता। जैसे इस बार सामान्य से 6% ज्यादा बारिश हुई। मानसून के बाद भी करीब 65% ज्यादा बारिश हुई। मानसून की विदाई भी देर से हुई तो सर्दी भी ज्यादा पड़ेगी, ऐसा नहीं कहा जा सकता। ला-नीना है इस बार ज्यादा सर्दी पड़ने का कारण: विश्व मौसम संगठन के मुताबिक ला-नीना की गतिविधियां उत्तरी गोलार्ध में 2022-23 की सर्दियों के दौरान जारी रहेंगी।

## छठ का प्रसाद बनाते समय सिलेंडर में आग लगी, 30 जख्मी, 10 गंभीर



**औरंगाबाद:** बिहार के औरंगाबाद में छठ की पूजा का प्रसाद बनाते समय गैस सिलेंडर फटने से 7 पुलिसकर्मी समेत 30 जख्मी हो गए। 21 से ज्यादा लोग 70% से ज्यादा जले हैं। इनमें से 10 की हालत गंभीर है। हादसा शुक्रवार की रात 2:30 बजे हुआ। शहर के साहेबगंज मोहल्ले के वार्ड नंबर 24 में अनिल गोस्वामी के घर मे छठ पूजा चल रही थी। परिवार के सभी सदस्य प्रसाद बनाने में जुटे थे। तभी अचानक गैस रिसने से आग लग गई। इसके बाद मोहल्ले में भगदड़ मच गई। मुहल्ले के लोग आग बुझाने में जुट गए। इस बीच गश्ती कर रही पुलिस टीम भी वहां पहुंच गई। आग बुझाने के लिए जैसे ही सिलेंडर पर पानी डाला उसमें ब्लास्ट हो गया और 7 पुलिसवाले झुलस गए।

**चश्मदीद ने बताया- अचानक ब्लास्ट हुआ:** हादसे में घायल पुलिस जवान मोहम्मद मुअज्जम ने बताया, 'हम रात की गश्त कर रहे थे। तभी हमें सूचना मिली कि वार्ड नं 24 आग लगी है। हम फौरन उस मोहल्ले की ओर निकले। पहुंचकर देखा तो आग लगी हुई थी। एक पानी के पाइप से जैसे ही आग बुझाने की कोशिश की तो सिलेंडर तेज धमाके के साथ फट गया।

**खबर संक्षेप**

## पीसीएस बनी संगीत का हुआ स्वागत

**झूंसी।** पीसीएस में चयन होने पर संगीता चौधरी का पासी विवाह कल्याण समिति उत्तर प्रदेश द्वारा स्वागत किया। समिति के सदस्यों ने ने संगीता के साथ उनके पिता सत्य मोहन को बधाई दी।

संस्था के अध्यक्ष विनय प्रकाश ने बताया कि संगीता कें पिता सत्य मोहन चौधरी एजी ऑफिस से अकाउंटेंट ऑफीसर के पद से सेवानिवृत्त हैं। जिनके दो बेटे और तीन बेटियों में संगीता चौधरी सबसे बड़ी बेटी है और वह इंटर कॉलेज में प्रवक्ता के पद पर कार्यरत हैं 2007 में संगीता की शादी हो गई और दो बेटियां स्वास्तिका एवं कनिष्का की परवरिश एवं परिवारिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए तैयारी में लगी हुई थी और पीसीएस 2021 में चयनित होने पर परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है।

# छठ पूजा : मण्डलायुक्त आईजी व डीएम ने घाटों का भ्रमण कर तैयारियों का लिया जायजा

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** शनिवार को मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत,आईजी डॉ0 राकेश सिंह, जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने शनिवार को अरैल घाट, संगम क्षेत्र सहित अन्य घाटों का भ्रमण कर छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लिया।मण्डलायुक्त ने घाटों पर चेजिंग रूम, दुकानों, पीए सिस्टम, नावों की समुचित व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थायें दुरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त ने अरैल घाट, संगम सहित अन्य घाटों पर सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने के निर्देश दिए है। उन्होंने गहरें पानी में बैरीकेटिंग कराये जाने के साथ-साथ घाटों पर मजिस्टेज्ट तथा पुलिस अधिकारियों की तैनाती सुनिश्चित किये जाने के निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त ने सुरक्षा के दृष्टिगत सभी घाटों पर महिला पुलिस कर्मियों की तैनाती भी सुनिश्चित किए जाने के लिए कहा है। उन्होंने घाटों पर मोबाइल टॉयलेट, प्रकाश, साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था



सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। अधिशाषी अभियंता विद्युत को घाटों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। मण्डलायुक्त ने गहरे पानी की सीमा पर बैरिकेटिंग एवं जल पुलिस के साथ-साथ गोताखोरों की भी तैनाती सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। छठ पूजा के अवसर पर जेटी की भी व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा है। मण्डलायुक्त ने छठ पूजा के अवसर पर होने वाली सम्भावित भीड़ के मद्देनजर समुचित जानकारी दिए जाने के लिए पीए सिस्टम की भी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। छठ पूजा के अवसर पर संगम व अन्य क्षेत्रों में पार्किंग एवं यातायात की समुचित व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये है, जिससे कि पूजा में सम्मिलित होने वाले लोगो को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। आईजी डॉ0 राकेश सिंह ने गहरें पानी में बैरिकेटिंग, गोताखोर एवं नाव की व्यवस्थायें सुनिश्चित किए जाने के साथ-साथ घाटों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने एवं यातायात की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग, अपर जिलाधिकारी प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, एसडीएम मेला आशुतोष राय, अपर नगर मजिस्टे, एसडीएम करछना सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**न्यूज झरोखा...**

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामनगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया



**सिरसा।** मेजा क्षेत्र में डेंगू के प्रकोप को लेकर जहां एक तरफ स्वास्थ्य महकमा गंभीर है। वहीं लोगों के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ब्लड की व्यवस्था करवाई जा रही है। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में शैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वैच्छिक रूप से कई लोगों ने रक्तदान किया। इस दौरान स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में डॉ दुष्यंत सिंह ने रक्तदान करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रक्तदान के बाद डाक्टर दुष्यंत सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से समुद्र से एक बाल्टी पानी निकालने से पानी कम नहीं होता इसी प्रकार किसी व्यक्ति से एक यूनिट ब्लड निकालने से ब्लड कम नहीं होता बल्कि तेजी के साथ बढ़ता ही है। बढ़ते डेंगू के प्रकोप को लेकर शहर में प्लेटलेट्स की कमी है। आम जनमानस को चाहिए कि आगे आकर के सहयोग करें। रक्तदान करके आप किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से विद्या विश्वकर्मा, अजीत सिंह, मनोज कुमार, आशीष पांडे और समस्त स्टापगण मौजूद रहे।

## आलाअधिकारियों ने पुराने पुल से डीपीएस तक किया निरीक्षण



**नैनी।** शासन-प्रशासन के आलाअधिकारियों ने पुराने पुल से डीपीएस तक निरीक्षण कर दीये आवश्यक दिशा निर्देश।उपस्थित रहे अधिकारी गण कमिश्नर, डीएम, आईजी, एसएसपी, नगर आयुक्त, एसपी जमुनापार, उप जिलाधिकारी करछना क्षेत्राधिकारी, करछना एवं कोतवाली नैनी थाना औद्योगिक क्षेत्र एवं सभी चौकी इंचार्ज रहे मौजूद। जिसमें मुख्य रूप से एसपीओ पुलिस मित्र टीम के अगुआ प्रभारी अभय राज सिंह व उप प्रभारी परवेज अहमद एवं जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल संगठन सचिव रविंद्र सिंह,रामजी जायसवाल, प्रदीप कुमार व सदस्य चंद्र प्रताप धर्मराज पटेल सानू सिद्दीकी आदि एसपीओ पुलिस मित्र टीम के सदस्य मौजूद रहे।

## अपराध निरोधक समिति की बैठक संपन्न



**नैनी।** शनिवार को जिला अपराध निरोधक समिति यमुनापार युथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा के निर्देशन में क्षेत्रीय कार्यालय पाठक मार्केट चौराहा पर छठ के त्यौहार से संबंधित सभी सदस्यों के साथ बैठक संपन्न हुई जिसमें त्यौहार पर शांति व्यवस्था व यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के लिए हम चर्चा की गई और साथ ही पाठक मार्केट चौराहे पर दुकानों आदि जगहों पर कीटनाशक दवाइयों की छिड़काव कराया गया जिसमें युथ टीम के सभी सदस्य भी सम्मिलित हुए। जिसमें सभी सदस्यों के नाम निम्न वत है, यूथ टीम प्रभारी मनीष विश्वकर्मा, राजेश कुमार, बबलू अली, सोनू भारतीय,बृजेश मौर्य मदन यादव,सुजीत गौतम, शशांक मिश्रा, शनि श्रीवास्तव आदि सभी सदस्य सम्मिलित रहे और नगर निगम के कर्मचारी मनोज हेला और उनके साथी कर्मचारी साथ में उपस्थित थे।

# पूजन सामग्री प्रवाहित करने गए नहाते समय युवक यमुना में डूबा,मौत

**अखंड भारत संदेश**

**घूरपुर।** थाना क्षेत्र के बोंगी गांव निवासी एक युवक शनिवार की दोपहर यमुना में नहाते समय डूब गया । मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने शव को गहरे पानी से निकाला तब तक मौके पर पुलिस पहुंच गई और पंचनामा कर पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। घूरपुर थाना क्षेत्र के बोंगी गांव निवासी अमरेंद्र कुमार पटेल(18) पुत्र त्रिलोकी नाथ पटेल शनिवार को घर से पूजन सामग्री यमुना में प्रवाहित करने के लिए निकला था । रास्ते मे इरादतगंज व बादलगंज गांव के दो साथी मिल गए । तीनो बाइक पर सवार होकर इरादतगंज यमुना घाट पर पहुंचे । जहां अमरेंद्र कपड़ा उतारकर यमुना में पूजन सामग्री प्रवाहित करने निकला और यमुना में डुबकी लगाकर स्नान करने लगा। अचानक अमरेंद्र गहरे पानी मे चला गया ।जिससे वह डूबने लगा तो साथ गए दोनो युवकों ने शोर मचाया तो घाट पर मौजूद कई युवक डूब रहे अमरेंद्र को बचाने के लिए यमुना में कूद गए । काफी देर बाद अमरेंद्र को



यमुना घाट पर जुटी भीड़ व इन्सेट में अमरेंद्र कुमार पटेल की फाइल फोटो

बाहर निकाला गया । मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी अश्वनी कुमार ने उसे इलाज के लिए पास के एक अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया । मौके पर पहुंचे परिजनों को पुलिस ने पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया । अमरेंद्र अपने दो भाई व तीन बहनों में सबसे छोटा था । अमरेंद्र बीए प्रथम वर्ष का छात्र था। घर शव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया।

# युवक ने फांसी के फंदे पर झूल कर गवाई जान

**अखंड भारत संदेश**

**बीती देर रात की घटना, सुबह परिजनों ने पेड़ से लटकता देखा शव**

**रत्योरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के शिवपुर छड़गड़ा गांव में एक विवाहित युवक ने अपने से थोड़ी ही दूर पर स्थित एक पेड़ से फांसी के फंदे पर झूल कर जान दे दी। जानकारी के मुताबिक प्रमोद बारगाही पुत्र छोटेलाल बरगाही का विवाह एक वर्ष पूर्व सुषमा पुत्री महेंद्र सिंह निवासी रामगढ़ थाना कोरांव के साथ हुई थी। किसी बात से क्षुब्ध होकर प्रमोद शुक्रवार सायं 7 बजे के आसपास घर से अचानक लापता हो गया। इस बीच परिजनों के द्वारा फोन कर जानकारी लेने का प्रयास किया गया किंतु फोन बंद था। अगल-बगल व संभावित स्थानों पर खोजबीन की किंतु उसका कुछ पता नहीं लग सका। सुबह घर से 500 मीटर दूरी पर स्थित चेरूल के पेड़ पर उसका शव लटकता ग्रामीणों ने देखा तो गांव में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने पेड़ से लटक रहे शव को नीचे उतरा। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने पंचनामा की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक प्रमोद की पत्नी सुषमा ने बताया कि विवाह होने के बाद से भी मुझे ससुराल के लोगों के द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा था। मेरा पति से कोई विवाद नहीं था, न तो मुझे कभी प्रताड़ित करते थे। मैं अपने मायके में ही रह रही हूं, पता नहीं किस बात को लेकर फंदे पर झूल कर जान दे दी। इस बीच हमारी उनकी काफी दिनों से बात भी नहीं हुई थी। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था, अभी कोई संतान भी नहीं है।

## दिनदहाड़े चोरों ने बनाया तीन घरों को निशाना

# नगदी समेत लाखों का माल उड़ाया

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के रानीगंज इलाके में दिनदहाड़े चोरों ने एक शिक्षिका समेत तीन घरों को निशाना बनाया। दिनदहाड़े हुई चोरी की तीन वारदात से हड़कंप की स्थिति बनी रही।

शंकरगढ़ के रानीगंज निवासी सुषमा सिंह प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका है ।उनके पति आलोक सिंह मेडिकल स्टोर चलाते हैं। शनिवार की दोपहर में दोनों लोग अपने अपने कार्यक्षेत्र में चले गए तथा बच्चे विद्यालय चले गए। उसी समय सूने मकान का ताला व दरवाजे की कुंडी तोड़कर चोर कमरे के अंदर घुस कर उसमें रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखें तीस हजार नगद, सोने का बड़ा मंगलसूत्र, सोने का झुमका, सोने के चार कंगन, चार अंगूठी, सोने के दो लाकेट, कमर की करधनी और पायल उठा ले गए। लगभग 3 बजे के बाद जब शिक्षिका



घर आई तो घर का ताला टूटा देख उसके होश उड़ गए। अंदर जाकर देखा तो कमरे में सामान बिखरा हुआ था ।गहराई से छानबीन करने पर देखा तो घर में रखे सारे जेवरात तथा नगदी गायब थे। पति को जानकारी होने पर वह भी कमरे पर आए और स्थानीय पुलिस को सूचना दी ।मौके पर पहुंची शंकरगढ़ पुलिस ने मौका मुआयना कर जल्द ही चोरों की गिरफ्तारी का आश्वासन देकर चली गई।

इसीतरह शनिवार की दोपहर में ही थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव के पास शंकरगढ़ नारीबारी रोड पर स्थित राजपाल सोनी के घर का भी ताला तोड़कर चोर घर में रखे नगदी व जेवरात उठा ले गए। यही नहीं इन दोनों के घर में रखें तमाम कागजात भी चोर उठा ले गए। इसीतरह रानीगंज रोड में कौशलेश मिश्र के भी घर मे दिनदहाड़े चोरी हो गई। शाम को घर लौटे तो चोरी की जानकारी हुई। पीड़ितों ने शंकरगढ़ थाने में चोरी की लिखित शिकायत की है।

## श्रीमद् भागवत कथा के पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा

**सहसों।** क्षेत्र के हेतापट्टी गांव में शनिवार को श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कथा के प्रारंभ में कथा व्यास रामानंदाचार्य श्री श्री 1008 श्री वल्लभाचार्य महाराज की अगुवाई में वैदिक मंत्र उच्चारण से पूजित कलश यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न गलियों से होते हुए पुनः यंज्ञ मंडप पर समाप्त हुई। श्रीमद् भागवत कथा के प्रारंभ में कथा व्यास श्री श्री वल्लभाचार्य महाराज ने श्रीमद् भागवत कथा के महत्व को बताते हुए कहा कि श्रीमद भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं । कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। कथा व्यास ने कहा इसके श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और कलियुग में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलते हैं। श्रीमदभागवत कथा सुनने से प्राणी को मुक्ति की प्राप्ति होती है। कथा व्यास ने कहा मनुष्य को समय निकालकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। कथा के विश्राम पर मुख्य यजमान अशोक सिंह व रीता सिंह ने व्यासपीठ तथा आवाहित देवताओं की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद का वितरण हुआ। इस अवसर पर संतोष सिंह, विपिन सिंह, अजय सिंह, विकास सिंह, विजय सिंह, विक्रम सिंह सहित क्षेत्र के भारी संख्या में श्रद्धालु भक्त श्रोताओं ने कथा का रसपान किया।

# आमने सामने कार -बुलेट में हुई जोरदार भिड़ंत, गम्भीर रूप से दो घायल

**अखंड भारत संदेश**

**घायल दोनों युवकों को परिजनों ने जिला अस्पताल में कराया भर्ती**





**रत्योरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के नगई का पूरा गांव निवासी एक युवक शनिवार सुबह निमंत्रण करने ननिहाल बदौर गांव गया हुआ था । दोपहर ननिहाल गांव से एक युवक के साथ अपनी गाड़ी बुलेट से किसी कायवस कोरांव जा रहा था ।जिससे जैसे ही जवाइन पुल के पास पहुंचा तो सामने से कोरांव तरफ से आ रही फोर व्हीलर कार अनियंत्रित होकर जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और बुलेट क्षतिग्रस्त हो गई सूचना पर पहुंचे परिजनों ने जिला अस्पताल प्रयागराज में भर्ती कराया जहां पर इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक राजू पुत्र रवि पटेल निवासी नगई का पूरा थाना कोरांव अपने ननिहाल बदौर गांव बरहौ निमंत्रण में गया हुआ था। जहां से वह बदौर गांव के एक युवक अभय पुत्र बालकृष्ण के साथ कोरांव की तरफ आ रहा था। कोरांव मेजा मार्ग पर जवाइन पुल के पास सामने से आ रही फोर व्हीलर अनियंत्रित होकर जोरदार बुलेट सवार को टक्कर मार दी जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई सूचना मिलते ही परिजनों ने मौके पर पहुंचे हालत गंभीर देख कर दोनों युवकों को जिला अस्पताल प्रयागराज में भर्ती जहां पर इलाज चल रहा है। हादसे में जहां अभय का पैर और रीड की हड्डी टूट गई और साथी राजू का सिर में चोट और टूटी हड्डी में गंभीर है चोटे आई हुई है दोनों युवकों का उपचार प्रयागराज जिले की एक निजी अस्पताल में परिजनो के द्वारा कराया जा रहा है जहा पर हालत गंभीर बनी हुई है।

## दुकान पर मोबाइल चोरी कर के फसी महिला पकडी जाने पर मोबाइल देकर भागी

**मऊआइमा।** मऊआइमा में एक दुकान पर एक महिला परिवार के लोगो के साथ खरीदारी करने गयीऔर चुपके से दुकानदार का कीमती मोबाइल चोरी कर दूसरे दुकान पर पहुंच गयी। दुकानदार जब वहाँ पहुंच कर अपना मोबाइल जब महिला से मांगने लगा तो वह उल्टा दुकानदार के ऊपर बिगड़ गई। जब दुकानदार ने अपने मोबाइल नंबर पर दूसरे फोन से फोन लगाया तो महिला की पोल खुल गई।और मोबाइल देकर तेजी से भाग गयी। मऊआइमा कस्बा में एक महिला परिजनों के साथ सामान खरीदने आयी । बताया जाता है कि महिला मौका देख कर दुकानदार का कीमती मोबाइल चोरी कर सीने में छिपा ली। जब दुकानदार अपना मोबाइल तलाशने लगा तो उसे मालूम पडा कि उसका मोबाइल महिला के साथ आए परिवार ने चोरी की है। बताते हैं कि दुकानदार ने महिला पर मोबाइल चोरी का आरोप लगाने लगा। इतने में महिला बिगड़ गई। लोगों की भीड एकत्रित हो गई। दुकानदार ने दूसरे के मोबाइल से अपने चोरी हुए मोबाइल पर फोन लगाया तो फोन की आवाज सुनकर महिला चौंक गयी। वह अपने सीने से चोरी का मोबाइल निकाल कर दुकानदार को देकर तेजी से भाग गयी। महिला की इस चोरी की घटना से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है ।

## जमीनी विवाद में मार पीट एक दर्जन के खिलाफ केस दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों को मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने एक दर्जन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम चकश्याम उर्फ पूरे हिंचा निवासी राजू पुत्र विजय बहादुर उर्फ भुल्ले का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर उसे और परिजनों को मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई। राजू की तहरीर पर पुलिस ने शैलेष ,संतोष ,अजीत ,मंजीत ,मूलचन्द्र ,त्रिकोकीनाथ ,लाल जी ,अजय कुमार, विजय कुमार, अनुज ,अनुभव तथा इनके घर की सारी महिलाएं नाम अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# स्वयंवर में धनुष टूटते ही सीता ने राम के गले में पहनाई वरमाला

**अखंड भारत संदेश**

**परशुराम लक्ष्मण संवाद में दर्शक लोग मंत्रमुग्ध रहे**

**करछना।** माता-पिता सहित गुरु के प्रति सेवा व समर्पण भाव रखने वाला मनुष्य सारे संसार को अपने वश में करने में सफल रहता है। ऐसा हम सभी को मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों के साथ उनकी शिक्षा से सीख लेनी चाहिए । और उनके सद्गुणों सहित संस्कारों का अनुसरण करना चाहिए। उक्त बातें करछना ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि कमलेश द्विवेदी ने भडेव्ररा गांव में नवयुवक कमेटी के कलाकारों की ओर से खेली जा रही रामलीला में धनुष यज्ञ नामक रामलीला के मंचन में शुक्रवार की रात बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कही ।

उन्होंने धनुष यज्ञ मंचन नामक रामलीला का दीप प्रज्वलित करके मंचन का शुभारंभ किया। धनुष यज्ञ मंचन में दर्शकों की भीड़ रही । महाराज जनक की ओर से आयोजित सीता स्वयंवर में दूर-दूर से राजा लोग पधारे हुए थे। जिसमें स्वयंवर में पेटू राजा का अभिनय कर रहे अधिवक्ता अमरनाथ विश्वकर्मा ने अपने कलाओं से दर्शकों को खूब गुदगुदाया । और दर्शकों के केंद्र रहे। वही राजा जनक का अभिनय कर रहे



प्रभा कांत ओझा की निराशा को देखकर विश्वामित्र ने भगवान श्रीराम को धनुष का खंडन करने का आदेश दिया । और राम का अभिनय कर रहे यश ओझा गुरु की आज्ञा मानकर धनुष का खंडन किया। धनुष टूटते ही जय श्री राम के हुए उद्घोष से पूरा पंडाल गुंजायमान रहा । सीता ने भगवान श्रीराम को जय माल किया । और लोगों की ओर से पुष्प वर्षा की गई। इसके अलावा रोमांचक ढंग से परशुराम लक्ष्मण संवाद कलाकारों की ओर से आयोजित हुआ। परशुराम का अभिनय कर रहे शशांक ओझा उर्फ गौरव व लक्ष्मण का अभिनय कर रहे राम कृष्ण ओझा ने अपने अभिनय से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया । रामलीला मंचन के संयोजक विजय कुमार ओझा व व्यवस्थापक सोनू ओझा की ओर से सभी के प्रति आभार जताया गया। इस मौके पर व्यास रविंद्र नाथ मिश्र कमेटी के उपाध्यक्ष प्रभा कांत ओझा डायरेक्टर देव प्रभाकर ओझा उप निदेशक सुनील कुमार शुक्ला कोषाध्यक्ष राम बल्लभ ओझा धर्मेंद्र कुमार शर्मा देव कांत ओझा शरद कुमार ओझा श्याम प्रभाकर ओझा कृष्ण बल्लभ ओझा उमाकांत पांडेय श्याम नंदन तिवारी पंकज कुमार ओझा वेद प्रकाश ओझा मोनू ओझा शुभम मिश्रा गौरव राहुल विश्वकर्मा गुड्डू ओझा रमेश कुमार शर्मा प्रदुम्न ओझा शशांक ओझा दीपक मिश्रा रामकृष्ण ओझा यश ओझा गौरव सागर आदि लोग मौजूद रहे।




## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ

**शंकरगढ़।** कैंब्रिज हाई स्कूल एंड कॉलेज शंकरगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक खेल कूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन विद्यालय के सीनियर, जूनियर और प्राइमरी स्तर के बच्चों ने खो खो, दौड़,कबड्डी,जलेबी रेस,बिस्कुट रेस, बैडमिंटन, क्रिकेट, कूद आदि विभिन्न तरह के खेल कूद प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इससे पूर्व शुक्रवार से शुरू हुए वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने हरी झंडी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और कहा कि जीवन में खेलकूद का बहुत महत्व है। इस मौके पर विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेंद पांडे,शिक्षक मनी शंकर दुबे, सौरभ प्रकाश,पंकज मिश्रा, पंकज श्रीवास्तव, मनोज तिवारी, सुधीर नारंग, अखिलेश पांडेय, राजेश गोस्वामी, यज्ञवल्क्य द्विवेदी, रीतू सुसारी,सिम्मी गुप्ता,रीना गोस्वामी रेखा सिंह, मधु,फलक, दीपा, स्मिता ,नैना आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### सीओ मेजा व कोतवाल ने किया पैदल गस्त

**मेजा रोड।** सीओ मेजा व नवांगतुक कोतवाल ने मेजारोड बाजार मे पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बता दें कि शनिवार की शाम सीओ मेजा विमल किशोर मिश्र के नेतृत्व मे मेजा के नवांगतुक कोतवाल ज्ञानेश्वर मिश्र ने पुलिस टीम के साथ मेजारोड बाजार मे पैदल गश्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पैदल गश्त मेजारोड पटेल चौराहे से कोरांव रोड चौराहे तक हुआ। बस स्टैंड के पास पुलिस ने रुककर संदिग्धों की भी चेकिंग की। नवांगतुक कोतवाल ज्ञानेश्वर मिश्र ने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सीधे पुलिस को सुचना दें। इस दौरान मेजा थाने के कई पुलिसकर्मी एवं व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय मौजूद रहे ।

# मरीज को खराब प्लेटलेट्स चढ़ाने वाले ग्लोबल हॉस्पिटल का लाइसेंस निरस्त, सीएमओ दफ्तर पर प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** डेंगू पीड़ित मरीज को खराब हो चुके प्लेटलेट को चढ़ाने और उससे मरीज की मौत के मामले में जांच रिपोर्ट मिलने के बाद सीएमओ प्रयागराज ने ग्लोबल हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर का पंजीकरण हमेशा के लिए शनिवार को निरस्त कर दिया। सीएमओ ने जांच के बाद हुई कार्रवाई की रिपोर्ट आलाधिकारियों को भेज दी। पीपल गांव स्थित ग्लोबल हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में डेंगू के इलाज के लिए भर्ती मरीज प्रदीप की घटिया क्वालिटी की प्लेटलेट चढ़ाने के कारण हुई मौत की जांच में लगी टीम ने सीएमओ डॉ. नानक सरन को अपनी रिपोर्ट सौंप दी।जांच रिपोर्ट में स्पष्ट हो गया कि मरीज की मौत घटिया प्लेटलेट चढ़ाने से हुई है। इसके बाद सीएमओ ने शनिवार को ग्लोबल हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर का पंजीकरण हमेशा के लिए निरस्त कर दिया। सीएमओ डॉ. नानक सरन ने बताया कि जांच टीम द्वारा सौंपी रिपोर्ट के हिसाब से प्रथम द्दष्टया उपचार में लापरवाही मिली थी। इसके कारण उस समय हॉस्पिटल का पंजीकरण निलंबित किया गया था।जांच कमेटी द्वारा हॉस्पिटल का भौतिक सत्यापन तथा हॉस्पिटल प्रशासन द्वारा दिए गए अभिलेखों की जांच के बाद अस्पताल के पंजीकरण को हमेशा के लिए निरस्त करने की संस्तुति मिलने के बाद कार्रवाई की गई हैं। इसकी रिपोर्ट जिले के आलाधिकारियों को भेज दी गई है। कहा कि मरीज के इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही करने मिलने पर अस्पताल के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए भी निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

### ग्लोबल हॉस्पिटल में डेंगू के मरीज की मौत से नाराज परिजनों-सपाइयों का धरना

**प्रयागराज।** झलवा के ग्लोबल हॉस्पिटल में लापरवाही से डेंगू के मरीज की हुई मौत से नाराज परिजनों तथा सपाइयों ने शनिवार को सीएमओ ऑफिस का घेराव किया। साथ ही कलक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाल डीएम आवास के सामने धरना दिया। अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने का आदेश जारी होने तथा दोषियों की गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद ही वे वापस हुए।डेंगू से पीड़ित प्रदीप पांडेय की अस्पताल में मौत हो गई थी। उन्हें खराब प्लेटलेट्स चढ़ा दिया गया था। इससे नाराज और दुखी पत्नी वैष्णवी अपनी मां, बेटी और भाई के साथ पहले सीएमओ ऑफिस पहुंची। उनके साथ सपा नेता संदीप यादव,



सत्या सिंह, अभिषेक यादव, आलोक मिश्रा आदि भी मौजूद रहे। इस दौरान राजकुमार पहुंचे थे, जिनकी पत्नी की भी ग्लोबल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। राजकुमार ने भी अस्पताल प्रशासन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया।नाराज परिजन तथा सपाई अस्पताल संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग कर रहे थे। करीब पांच घंटे तक चले धरना-प्रदर्शन के दौरान सीएमओ तथा एडीएम भी पहुंचे लेकिन उनके आश्वासन से सपाई नहीं माने।इसके बाद शाम करीब पांच बजे परिजनों तथा सपाइयों ने सीएमओ ऑफिस से कलक्ट्रेट तक पैदल मार्च निकाला और वहां पहुंचकर डीएम आवास के सामने धरने पर बैठ गए।इस दौरान सीएमओ ने अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने का आदेश जारी कर दिया। करीब एक घंटे बाद पहुंचे डीएम ने वार्ता के दौरान सपाइयों को अस्पताल का लाइसेंस निरस्त करने के आदेश की प्रति उपलब्ध कराई। संदीप के अनुसार डीएम ने अस्पताल संचालक की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को सुरक्षा मुहैया कराने का भी आश्वासन दिया। इसके बाद उन्होंने धरना समाप्त किया।डीएम संजय कुमार खत्री का कहना है कि अस्पताल का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। परिजनों को सुरक्षा मुहैया कराने की मांग पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# नौ थानों में हुई प्रभारियों की तैनाती, 12 इंस्पेक्टर सहित 29 के कार्यक्षेत्र बदले

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** जिले के नौ थानों में शनिवार को नए प्रभारियों की तैनाती कर दी गई। साथ ही अब तक कमान संभाल रहे छह प्रभारियों को पैदल कर दिया गया। कई दरोगाओं के कार्य क्षेत्र में भी बदलाव किया गया है। कुल 12 इंस्पेक्टरों समेत 39 पुलिसकर्मियों को नई तैनाती दी गई है। पैदल होने वालों में अब तक बतौर प्रभारी तैनात रहे नैनी इंस्पेक्टर सुरेंद्र कुमार वर्मा, मांडा इंस्पेक्टर अरुण कुमार, खीरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा, बारा इंस्पेक्टर कमलेश कुमार, फूलपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार राय व सरायइनायत थानाध्यक्ष सुशील कुमार दुबे शामिल हैं। हाल ही में खून तस्कर व वाहन चोर गैंग का भंडाफोड़ करने वाले जार्जटाउन इंस्पेक्टर बृजेश सिंह को नैनी थाने का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा ज्ञानेश्वर मिश्रा को मेजा, वीरेंद्र कुमार सोनकर को खीरी, अरविंद कुमार गौतम को मांडा, रामाश्रय यादव को करेली, अनिल कुमार को बारा, यशपाल सिंह को फूलपुर थाने का चार्ज दिया गया है। एसओ धीरेंद्र सिंह को मेजा से जार्जटाउन, अश्वनी कुमार सिंह को शाहगंज व अरविंद कुमार राय को सरायइनायत थानाध्यक्ष बनाया गया है।सुरेंद्र कुमार वर्मा को प्रभारी डायल 112, इंस्पेक्टर अनिल वर्मा, अरुण कुमार व एसआई अमित कुमार राय को विवेचना सेल, राजीव श्रीवास्तव को एसएसआई थरवई, सुशील कुमार दुबे को एसएसआई नवाबगंज, महावीर सिंह को प्रभारी चौकी बड़गांव सोरांव, दिवाकर सिंह को प्रभारी भीरपुर, करछना, सचिंद्र यादव को डांडी नवाबगंज चौकी प्रभारी बनाया गया है। कई दरोगाओं को भी इधर से उधर किया गया है। जिले में स्थानांतरणधीन होने के बावजूद कुछ दरोगा व इंस्पेक्टर प्रभारी के पद पर तैनात हैं। इनमें शंकरगढ़ एसओ मनोज सिंह व लालापुर एसओ शेर सिंह यादव का नाम भी शामिल है। इसके अलावा नैनी, कर्नलगंज, करेली, सोरांव थाने की चौकियों व एसएसआई के पद पर भी ऐसे पुलिसकर्मियों की तैनाती है। तबादला आदेश जारी हुए चार महीने बीतने के बाद भी इन्हें नहीं हटाया गया है। जिले के 56 दरोगाओं को एक जिले में छह साल की कार्य अवधि पूरी करने पर स्थानांतरित किया गया है।

# यूजीआई के मेधावियों ने एकेटीयू की मेरिट सूची में हासिल किए शीर्ष स्थान,स्वर्ण एवं रजत पदक से होंगे सम्मानित

अखंड भारत संदेश

### सभी कोर शाखा से 25 नवंबर को एकेटीयू के दीक्षांत समारोह में होंगे सम्मानित




**नैनी।** यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई), नैनी के सात मेधावी छात्र-छात्राओं ने प्रयागराज का मान एक बार फिर से बढ़ाया है। इन सभी मेधावियों ने डॉ एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय (एकेटीयू), लखनऊ की शैक्षणिक सत्र 2021-22 की मेरिट सूची में शीर्ष स्थान हासिल किया है। मेरिट सूची विश्वविद्यालय की तरफ से शुक्रवार को जारी की गई है। गौरतलब है कि मेडल हासिल करने वाले सभी छात्र-छात्रायें कोर ब्रांच से हैं। इनमें से दो को स्वर्ण और दो को रजत पदक मिला है।सिविल शाखा से हर्ष राय और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखा से रुकैया सिद्दीकी को क्रमशः स्वर्ण पदक जबकि सिविल शाखा से रुशाली केसरवानी और इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रॉनिक्स शाखा से आयुषी त्रिपाठी को क्रमशः रजत पदक मिला है। अन्य तीन मेधावी जिन्होंने एकेटीयू की मेरिट लिस्ट में स्थान बनाया है उनमें सिविल शाखा से आर्यन कुशवाहा, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग शाखा से शिवाशीष शर्मा और इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन शाखा से इशिता गुप्ता शामिल हैं।उत्साहित छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों की कड़ी मेहनत, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, प्रशिक्षण एवं, अनुसंधान कार्यक्रमोंओं को दिया है। उन्होंने कहा कि ये शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन और कड़ी मेहनत का नतीजा है कि वो एकेटीयू की मेरिट लिस्ट में जगह बना पाये। डीन, एकेडमिक्स, यूसीईआर डॉ सुधांशु कनौजिया ने बताया कि इन सभी छात्रों को 25 नवंबर, 2022 को राजधानी लखनऊ में आयोजित होने वाले एकेटीयू के 20वें दीक्षांत समारोह के दौरान पदक देकर सम्मानित किया जाएगा। यूजीआई के प्रेसिडेंट डॉ जगदीश गुलाटी, वाइस चेयरमेन सतपाल गुलाटी, वाइस प्रेसिडेंट गौरव गुलाटी, प्रिंसिपल और डीन ने छात्रों को उनकी सफलता पर बधाई दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

**मेजा।** डेंगू के प्रकोप को लेकर जहां एक तरफ स्वास्थ्य महकमा गंभीर है वही लोगों के लिए स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ब्लड की व्यवस्था करवाई जा रही है ।शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर में शैक्षिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वैच्छिक रूप से कई लोगों ने रक्तदान किया।इस दौरान स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में डॉ दुष्यंत सिंह ने रक्तदान करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया।रक्तदान के बाद डाक्टर दुष्यंत सिंह ने कहा कि जिस प्रकार से समुद्र से एक बाल्टी पानी निकालने से पानी कम नहीं होता इसी प्रकार किसी व्यक्ति से एक यूनिट ब्लड निकालने से ब्लड कम नहीं होता बल्कि तेजी के साथ बढ़ता ही है। बढ़ते डेंगू के प्रकोप को लेकर शहर में प्लेटलेट्स की कमी है आम जनमानस को चाहिए कि आगे आकर के सहयोग करें, रक्तदान करके आप किसी की जिंदगी बचा ,सकते हैं। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से अजीत सिंह, मनोज कुमार, आशीष पांडे, विद्या विश्वकर्मा मौजूद रहे।

# भागवत कथा के पूर्व भक्तों ने निकाली भव्य कलश यात्रा

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** धर्म की स्थापना जनकल्याण एवं विश्व शांति के लिए प्रयागराज के राजरूपपुर में भव्य कलश यात्रा का आयोजन भागवत कथा के मुख्य यजमान राम बाबू केसरवानी व उनकी धर्मपत्नी मीरा देवी द्वारा सैकड़ों भक्तों के साथ किया गया है गंगा का पवित्र जल कलश में रखकर पीले वस्त्र एवं चुनरी धारण कर प्रभु का स्मरण करते हुए सिर पर कलश रखकर भक्ति एवं संगीतमय धुन के साथ महिला एव पुरुष भक्त कलश यात्रा में शामिल हुए और प्रभु का जयकारा लगाते हुए राजरूपपुर 60 फीट रोड से पार्षद अखिलेश की गली से होते हुए हनुमान मंदिर से वापस 60 फीट रोड पर कलश यात्रा का समापन हुआ इस दौरान घर की छतों से निकलकर महिलाएं बच्चे कलश यात्रा



को बड़ी उत्सुकता से देख रहे थे और प्रभु का जयकारा लगा रहे थे संगीतमय भक्ति गीत पर नृत्य करती महिलाओं ने कलश यात्रा की शोभा बढ़ा दी कलश यात्रा के समापन के बाद भगवत कथा का आयोजन बिद्वान पंडित कथावाचक बटुक जी महाराज के मुखारविंद से दिनांक 30 अक्टूबर से 5 नवम्बर तक संगीतमय धुन में आयोजित होगा 5 नवम्बर को भंडारा आयोजित किया गया है। भागवत कथा और कलश यात्रा के मुख्य यजमान रामबाबू केशरवानी व उनकी धर्मपत्नी मीरा देवी सहित सुबोध केसरवानी सुदीप केशरवानी पार्षद अखिलेश सिंह पार्षद मिथलेश सिंह अनिल केशरवानी सतेंद्र केशरवानी मयंक केशरवानी विनायक केशरवानी रिशु आयूष अग्रवाल सहित तमाम महिला और पुरुष भव्य कलश यात्रा में शामिल रहे।

## उप निबंधक कार्यालय का कारनामा

# सुविधा शुल्क नहीं दोगे तो की जायेगी स्टांप कमी की रिपोर्ट!

अखंड भारत संदेश

### कई बैनामा दस्तावेजों में रकम ले ले कर स्टांप कम होने पर भी कर दिए गए बैनामें, राजस्व की हुई हानि

**कोरांव।** तहसील कोरांव में स्थित उपनिबंधक कार्यालय में पिछले साल से ही निबंधक कर्मचारी अधिकारी कास्तकारों से अवैध ढंग से सुविधा शुल्क ले ले कर स्टांप कमी के बावजूद सरकार और राजस्व को चुना लगा लगा कर भूमि के असंख्य मात्रा में बैनामे कर दिए गए। जो आज भी बदस्तूर जारी है। बता दें कि तत्कालीन कोरांव उप निबंधक ने पिछले वर्ष और मई जून माह २०२२ में काफी मात्रा में जितने बैनामें हुए ऊंसमें स्टांप की कमी होने के बावजूद बैनामे किए गए। जिससे उप निबंधक द्वारा सरकार और राजस्व की क्षति पहुंचाई गई। दर असल मामला तब प्रकाश में आया जब ग्राम अल्हवा कोराव की श्रीमती बिट्टो बेबी पत्नी अहद अहमद सिद्दीकी द्वारा कराए गए एक बैनामें दस्तावेज संख्या। २३२/२१ में मांगी गई मुंह मांगी रकम ऊप निबंधक को न मिलने पर बैनामा तो कर दिया भूमि की दाखिल खारिज भी हो गई। किंतु स्टांप की कमी की रिपोर्ट अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रयागराज के यहा दिनांक माह जून २०२२ को भेज दी,जिससे स्टांप की कमी की नोटिस मिल गई। तब बैनामे कराने वाली भूमि क्रेती बीट्टो बेबी ने तमाम सछम अधिकारियों को काफी संख्या में ऊप निबंधक कोराव की करतूतों का भांडा फोड़ किया और रिश्वत न मिलने पर स्टाम्प कमी की रिपोर्ट किए जाने की कार्यवाही की जांच कर दोषियों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की मांग कर दी। उक्त बैनामे दस्तावेज भूमि खरीद दार ने उप निबंधक कार्यालय कोरांव पर आरोप लगाया है कि नियम कानून तो सब जाति धर्म के किसानों पर एक लागू होना चाहिए। किसी को उसी तरह की जमीन की रजिस्ट्री कराने पर स्टाम्प की कमी नहीं दर्शाई गई,तो किसी को बैनामें में स्टांप कमी की रिपोर्ट भेज कर कार्यवाही की संस्तुति कर दी। ,जो विधि विरुद्ध है। उत्तभूमि खरीददार ने यह भी प्रश्न उठा दिया कि जब स्टांप कम था तो बैनामा ही उप निबंधक ने क्यों किया? और दाखिल खारिज पर ही रोक लगा देते। इस तरह के कारनामों से तत्कालीन उप निबंधक कोराब द्वारा किए गए अनैतिक कार्यों से काफी किसनों को छला गया और उनका आर्थिक मानसिक शोषण उत्पीड़न किया गया । साथ ही सरकार को राजस्व का चूना लगाया गया। इस निमित्त एक सामाजिक कार्यकर्ता ने मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश सहित जिलाधिकारी,अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व प्रयागराज सहित प्रमुख सचिव राजस्व लखनऊ को पत्र भेज कर उप निबंधक कार्यालय कोरांव में व्याप्त भ्रस्त्रचार की जांच कराए जाने की मांग की है साथ ही एक ही तरह के बैनामे में किसी को स्टांप की कमी दिखा कर परेशान किया जाना तो किसी को छूट दिया जाना न्याय संगत नहीं बताया है। विटू बेबी पत्नी अहद अहमद सिद्दीकी उर्फ शहजादे सोशल वर्कर ने दर्जनों बैनामों की संख्या और तिथि का हवाला देते हुए तत्कालीन उप निबंधक कोरांव के विरुद्ध और काफी मात्रा में किए गए बैनामों की जांच एंटी क्रपशन टीम से किए जाने की भी मांग लिखित रूप से की है।

### डेंगू से आप सुक्षित रहेंगे तो अपने भी होंगे सुरक्षित

**कौशाम्बी।** जिला स्वास्थ्य विभाग डेंगू बीमारी को नियंत्रित करने के लिए नियमित प्रयासरत है। इसी क्रम में आभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के अलावा संवेदनशील क्षेत्रों में लावार्नाशक छिड़काव, फॉगिंग और सोर्स रिडक्शन किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि ह्लडेंगू के मच्छर साफ जगह (नमी या ठहरा हुआ साफ पानी) पर पनपते हैं। ऐसे लोग जो शहर में या साफ सुथरी जगह रहते हैं उन्हें डेंगू के मच्छर से विशेष तौर पर सावधान रहने की जरूरत है। डेंगू का मच्छर केवल सुबह के समय ही काटता है। दोपहर और रात को यह नमी वाली जगह या ठहरे हुए साफ पानी पर छिप जाता है। यह मच्छर ज्यादा ऊंचाई तक नहीं उड़ सकता। इस कारण केवल पैरों से लेकर घुटनों तक (लोअर लिंब्स) ही यह काटता है। इसलिए सुबह के समय विशेष तौर पर फुल आस्तीन के कपड़े पहनें। बच्चों व बुजुर्गों को फुल आस्तीन के कपड़े व जूते पहनाकर ही बाहर भेजें। रात को सोते समय मच्छरदानी व मच्छर भगाने वाले लोशन व तेल का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा कि डेंगू से बचने के लिए जरूरी है कि मच्छर की पैदावार को ही रोका जाए। इसके लिए घर के आस-पास व छत पर टूटे बर्तन, पुराने टायर और ड्रम, कूलर, फ्लावर पॉट, गमलों व टंकी आदि में पानी न जमा होने दें। फ्रीज व अन्य घरेलू प्रयोग मे आने वाले पानी के बर्तन को नियमित रूप से साफ करें व घर में डस्टबिन को ढककर रखें व रोजाना उसे खाली करें व धूलकर धूप में सुखाएँ।

# डेंगू ने बढ़ाई हरे नारियल पानी और कीवी की मांग

### प्लेटलेट को बढ़ाने का काम करता है नारियल पानी और कीवी फल, बढ़ती मांग को लेकर महंगे हुए कीवी और नारियल पानी के दाम

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज पूरे उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा डेंगू और मलेरिया से प्रभावित जिला है। यहां डेंगू के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हर रोज दर्जनों लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। हालात ऐसे हैं कि सरकारी से लेकर प्राइवेट अस्पतालों में बनाए गए डेंगू वॉर्ड फुल हो चुके हैं। एक तरफ जहां रोज डेंगू रोगी सामने आ रहे है वहीं दूसरी ओर रोगियों के उपचार के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के फलों की मांग भी बढ़ गई है। डेंगू रोगियों के लिए उनके परिजन कीवी, नारियल पानी, पपीता आदि फलों की खरीद रहे है।अस्पताल के हर वार्ड में डेंगू व वायरल के मरीज भर्ती हैं। डेंगू व टायफाइड में प्लेटलेट्स तेजी से



गिरती हैं, जिससे जान जाने का खतरा बन जाता है। प्लेटलेट्स बढ़ाने में हरे नारियल का पानी, कीवी फल व बकरी का दूध बहुत ही सहायक माना गया है। इसी के चलते बाजार में इनकी मांग तेजी से बढ़ गई है। लोग तेजी से इन चीजों का सेवन कर रहे हैं। अचानक डिमांड बढ़ने से 20 रुपए में बिकने वाला कीवी अब 30 से 35 रुपए में बिक रहा है। जबकि 40 से 50 रुपए वाला नारियल पानी अब 50 से 60 रुपए में बिक रहा है। स्थानीय निवासी रोहित पांडे और आदित्य का कहना है कि प्रयागराज में डेंगू और मलेरिया के मरीज लगातार बढ़ रहे है इसकी वजह से वह अपने और अपने परिवार वालों के लिए नारियल पानी और कीवी खरीद रहे हैं और लोगों को भी सलाह दे रहे हैं कि इन फलों का सेवन जरूर करें ताकि प्लेटलेट कि शरीर में कमी ना रहे ।लगातार बढ़ रहे डेंगू , मलेरिया व टायफाइड बुखार ने प्लेटलेट्स बढ़ाने में सहायक हरे नारियल और कीवी फल की डिमांड बढ़ा दी है। आम दिनों की अपेक्षा इनकी बिक्री में डेढ़ से दो गुना तक इजाफा हुआ तो दाम ने भी उछाल मारा है। फल व्यापारी विरेंद्र के अनुसार बीते कुछ दिनों में इन फलों की मांग न केवल दोगुनी हो गई है बल्कि भाव भी बढ़ गए है। बताया जा रहा है कि डेंगू रोग में कई प्रकार के फल उपचार के साथ-साथ जल्द स्वस्थ होने में कारगर बताए जा रहे है, जिसके कारण लोग इन फलों की खरीद कर रहे है। लोगों का विश्वास है कि इन फलों का सेवन करना डेंगू रोग में लाभदायक रहता है।

# डेंगू के डंक से ग्रामीण बेहाल : उज्जवल रमण सिंह

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह ने उपजिलाधिकारी करछना से वार्ता कर कहा कि पहले 10 हजार रुपये दवा छिड़काव के लिए प्रधान के पास निधि होती थी उससें दवा का छिड़काव हो तो इस बीमारी से कुछ राहत हो क्योंकि डेंगू से लगातार मौतें हो रही हैं यह महामारी का रुप धारण कर चुका है लगभग हर घर इसकी चपेट में है। पूर्व मंत्री ने कहा कि डेंगू विकराल रूप ले चुका है सभी अस्पताल फुल हैं मरीजों को बेड नहीं मिल रहे हैं इसकी शिकायत कई लोगों ने किया शहर की यह हालत हैं तो गांव का क्या होगा वहां तो स्थिति और विकट हैं इस लिए अस्थायी अस्पताल कि व्यवस्था हो शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में हो ।उन्होंने कहा कि डेंगू की जांच सस्ती हो जिससें गरीबों को आर्थिक बोझ ना हो क्योंकि कोरोना ने गरीबों की कमर पहले ही तोड़ दी है। पूर्व सपा प्रदेश प्रवक्ता विनय कुशवाहा ने कहा कि डेंगू इतनी तेजी से फैल रहा था फागिंग कहीं नहीं हो रही हैं सिर्फ हाईकोर्ट के आसपास मुख्य मुख्य जगह पर फागिंग हुई और घनी आबादी अन्य मोहल्ले ऐसे ही छूटे हैं वहाँ भी तत्काल साफ सफाई और फागिंग हो क्योंकि इस बार कोरोना की तरह डेंगू से भी बहुत मौत हो रही हैं ।साथ में जि.प.स डाक्टर विजय बाबू ,पप्पू इसराइल, सनिल अहमद,शीतल पाण्डेय, संतोष पाण्डेय,बिज्जू, सनी यादव, रामानंद यादव,मुनेश विश्वकर्मा आदि लोग थें।

### गांव में दवा का छिड़काव हो



# ग्राम पंचायत निरिया मे संक्रमणरोकथाम के लिए किया गया दवा का छिड़काव




**करछना।** विकासखंड करछना सहायक विकास अधिकारी विवेक कुमार मिश्रा के निर्देश पर ग्राम प्रधान निरिया अमृत लाल के धरवारा न्याय पंचायत के निरिया गांव के सफाई कर्मी द्वारा नाली की सफाई खडंजा के अगल-बगल झाड़ियों की कटाई गली मोहल्लों में वह एंटी लारवा का छिड़काव निमन कर्मचारियों द्वारा किया गया इस मौके पर सफाई कर्मी अनिल कुमार और गांव के सम्मानित लोग ग्राम प्रतिनिधि मुकेश कुमार,कृष्ण मोहन यादव, मनोज कुमार,रामजी यादव, कामता प्रसाद केसरवानी, राम मोहन यादव, रविंद्र कुमार, रामराज, ललित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### डेंगू संक्रमण के चलते गांवो में फागिंग शुरू

**सहसो।** क्षेत्र में डेंगू के कारण हो रहे लोगों को बुखार से पीड़ित सभी के बचाव को लेकर सभी लोग बच्चे बूढ़े नौजवान सुरक्षित रहें स्वस्थ रहें। जिसके चलते ग्राम पंचायत बभन कुइयां में ग्राम प्रधान अशोक कुमार द्वारा लगातार दो दिनों से गांव के विभिन्न गली मुहल्ला में डेंगू संक्रमण के कारण फागिंग छिड़काव का काम शुरू हो गया है। इसके साथ ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति के लोगों द्वारा जन जागरूकता अभियान चलाकर संक्रमण से बचाव के विभिन्न पहलुओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है। इसी प्रकार ग्रामसभा बगई कला में ग्राम प्रधान प्रताप बहादुर सिंह द्वारा गांव में फागिंग के साथ लोगों को बुखार सहित अन्य बीमारियों एवं संक्रमण से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है।

### मदरा टेला व सिरसा गंगा घाट पर बनने वाले पांटून पुल में अभी तक नहीं शुरू हुआ कार्य!

**मेजा।** लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण क्षेत्र के सिरसा गंगा फेरी घाट तथा मदरा टेला गंगा घाट पर बनने वाले पांटून पुल पर अब तक कार्य शुरू नहीं हो पाया जब कि पिछले वर्षों में दीपावली के बाद आवागमन शुरू हो जाता था ।पुल न चालू होने से लोगों को काफी दिक्कतें हो रही है जिससे विभागीय अधिकारियों के प्रति क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है ।गौरतलब हो कि नगर पंचायत सिरसा गंगा घाट पर तथा मदरा-टेला घाट पर लोगों की सुविधा के लिए हर साल पांटून पुल का निर्माण कार्य कराया जाता रहा है । प्रति वर्ष दशहरा पर पुल में कार्य शुरू हो जाता था और दीपावली के बाद आवागमन शुरू हो जाता था,लेकिन इस वर्ष अभी तक निर्माण कार्य भी शुरू नहीं कराया जा सका है। ऐसे में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोगों को काफी लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है ।पांटून पुल शुरू न होने में विभागीय जिम्मेदार (अधिशासी अभियंता)की लापरवाही सामने आई है ।जानकारों की मानें तो अभी तक विभाग ने पांटून पुल का अभी तक टेंडर नहीं कराया है । गौर करने वाली बात यह है कि अभी तक कार्य का टेंडर नहीं कराया गया है तो कार्य कब शुरू होगा आवागमन कब शुरू होगा यह तो विभागीय अधिकारी ही बता सकते हैं ।फिल हाल पुल न बनने से क्षेत्र के लोगों को काफी दिक्कत हो रही है साथ ही जिम्मेदारों के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है।

#### पुल न चालू होने सरकार को भी लग रहा लाखों का चूना

लोक निर्माण विभाग की लापरवाही के कारण लोगों को आवागमन में तो परेशानी हो ही रही है साथ सरकार को भी चपत लग रही है,पुल टूटने के बाद विभाग स्टीमर चलवाता है जिसको प्रति माह तीन लाख रुपये किराया दिया जाता है । इस हिसाब से देखा जाय तो दोनों पुलों के स्टीमरों का किराया छः लाख रुपये देना होगा ।के0के0झा अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया में कुछ टेक्निकल दिक्कत आ गई थी अब टेंडर हो गया है ।कार्य जल्द शुरू होगा और एक सप्ताह में आवागमन शुरू हो जाएगा।

# गुरु नानकदेव के 553वें प्रकाश पर्व पर निकली प्रभात फेरी

## सिख समाज ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



नगर में प्रभात फेरी निकालते सिख समाज के पदाधिकारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सिखों के प्रथम गुरु नानकदेव के 553वें प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में सिख समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। बता दें कि यह प्रभात फेरी 7 नवंबर 2022 तक प्रतिदिन गुरुद्वारा सिंह सभा पंजाबी कालोनी व गुरुद्वारा नानकशाही बाबागंज से प्रातः साढे. पांच बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी जो नगर में विभिन्न मार्गो में घूम कर शब्द कीर्तन करते हुए नगर को गुरुबाणी से गुंजाएमान हो उठेगा।

प्रभात फेरी गंतव्य पर पहुंचने पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया जायेगा। 08 नवंबर 2022 को गुरुद्वारा सिंह सभा पंजाबी कालोनी में प्रकाश पर्व मनाया जावेगा जिसमे विभिन्न अयोजन होंगे। 12 बजे से दो बजे तक भाई सुखप्रीत सिंह लखनऊ वाले अपने जत्थे के साथ सबद कीर्तन गायन करेंगे।

सवा दो बजे अरदास उपरांत गुरु का अटूट लंगर वातार्या जायेगा। गुरुद्वारा सिंह सभा के अध्यक्ष सरदार कुलदीप सिंह ने बताया दोपहर तीन बजे से एक विशाल नगर कीर्तन शोभा यात्रा निकाली जाएगी जो नगर के राजापाल टंकी, चैक घंटाघर, निर्मल तिराहा होते हुए गुरुद्वारा नानक शाही बाबागंज पर समाप्त होगी जहां पर पुष्पवर्षा व आतिशबाजी कर शोभायात्रा का स्वागत गुरुद्वारा नानकशाही बाबागंज प्रबंधक कमेटी द्वारा किया जाएगा, आरती शब्द कीर्तन उपरांत अरदास व गुरु के अटूट लंगर सभी एक पात में बैठ कर लंगर छकेंगे। नौ नवम्बर की रात्रि गुरुद्वारा सिंह सभा पंजाबी कालोनी में विशाल कीर्तन समागम का आयोजन जिसमें जालंधर के प्रसिद्ध रागी भाई मेहताब सिंह अपने जत्थे के साथ रात्रि आठ बजे से गुरु आज्ञा तक कीर्तन करेगें उपरांत अरदास प्रसाद वितरण एवम गुरु का लंगर वितरण कर प्रोग्राम की समाप्ति होगी।

## सीओ की फटकार पर चार के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट का मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने सीओ की फटकार पर चार आरोपियो के खिलाफ घर मे घुसकर मारपीट तथा गालीगलौज व तोडफोड का केस दर्ज किया है। कोतवाली के पूरे नक्का मठहा निवासी राजबहादुर यादव की पत्नी कृष्णा देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती सात अक्टूबर को गांव के शिव बहादुर की पत्नी सुमन तथा विनोद यादव की पत्नी आशा एवं बिरहाईन केशवपुर के सुरेश पुत्र बृजबिहारी व स्वयं बृजबिहारी ने एकराय होकर शौचालय निर्माण के विवाद को लेकर उसे घर मे घुसकर गालीगलौज करते हुए मारापीटा। पीडित के शोर मचाने पर आरोपियो ने घरेलू सामान मे तोडफोड की। आरोपी हल्लागुहार सुन जानलेवा धमकी देते चले गये। पीडित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी किंतु जांच के नाम पर पुलिस केस दर्ज करने मे आनकानी कर रही थी। इस पर पीडित ने सीओ से मिलकर फरियाद की।

# बेल्हा देवी घाट पर नगर पालिका ने की विधिवत सफाई

## आज शाम महिलाएं ढलते सूर्य को देंगी अर्घ्य



सई नदी घाट पर मशीन से छिड़काव करते सफाई कर्मचारी।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रविवार की शाम सूर्य को अर्घ्य देने के लिये बेल्हा देवी घाट पर बड़ी संख्या पर महिलाएं आएंगी और छठ माता का पूजा अर्चन के बाद ढलते सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसके लिये नगर पालिका लगातार तीन दिनों से बेल्हा देवी घाट की सफाई में जुटी हुई है।

शनिवार को नगर पालिका के 40 कर्मचारी घाटों की सफाई करने में जुटे हुए थे। उनमें से अधिकांष लोग दूर जाती सई नदी के कचरों को साफ करने में लगे थे और सफाई के बाद पूरे परिसर में मषीन से छिड़काव किया गया। यह जानकारी देते हुए नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व ईओ मुदित सिंह के निर्देषानुसार बेल्हा देवी घाट की लगातार सफाई की जा रही है। सफाई निरीक्षक ने यह भी बताया कि सई नदी बेल्हा देवी घाट की सीढ़ियों से दूर जा रही है। इससे रोज नई गंदगी व कीचड़ की सफाई करनी पड़ रही है लेकिन आज सफाई का कार्य पूरा कर पूरे परिसर में छिड़काव किया गया। बता दें कि बेल्हा देवी घाट पर आज से ही पूजा की डलिया लेकर लोग बेदी चिन्हित कर रहे थे। रविवार की शाम छठ पूजा करने वालों का मेला सा लगेगा। हजारों महिलाएं डलिया में पूजन सामग्री लेकर छठ मइया की पूजा के बाद ढलते सूर्य को अर्घ्य देंगी, फिर सोमवार को प्रातः उगते सूर्य को अर्घ्य देने के लिये महिलाएं भोर में एकत्र होंगी।

# ट्रैक्टर पलटने से चालक समेत दो की हुई मौत

## उदयपुर क्षेत्र के भगवानदीन के पास हुआ हादसा

### खेत की जुताई कर वापस आ रहे थे घर



पलटा हुआ ट्रैक्टर जिसमें चली गई दो जानें।

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शुक्रवार की रात ट्रैक्टर पलटने से चालक समेत दो युवक की मौत हो गई।घटना की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने दोनो का पंचनामा करके शव को पीएम के लिया भेज दिया।

उदयपुर कोतवाली क्षेत्र के कोडवारा राहाटीकर निवासी लवकुश (21) पुत्र चंदिका यादव उछापुर के पूरे बेनीदीन निवासी वीरेंद्र यादव (21) पुत्र केदार यादव के साथ खेत की जुताई करने कुशौली गया हुआ था।घर लौटते समय रात हो गई थी। ट्रैक्टर जैसे ही रेहुआ हाइवे स्थिति नरवल के पूरे भगवानदीन के पास पहुंचा की असंतुलित होकर पलट गया, जिस पर सवार दोनों युवक की दबाने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलते ही परिजन भी वहां भाग कर पहुंच गए। आस-पास के लोग भी इकट्ठा हो गए।लोगो की मदद से किसी तरह ट्रैक्टर के नीचे दबे शवों को निकाला गया। घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मच गया। उधर मृतक लवकुश के भाई रोहित की तहरीर पर पुलिस ने शव का पंचनामा करके पीएम के लिए भेज दिया।

## शैक्षिक भ्रमण को निकले मेधावी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धारूपुर स्थित किड्स वैली पब्लिक स्कूल के मेधावियों को शनिवार की सुबह शैक्षिक भ्रमण के लिए विद्यालय से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इन मेधावियों को शैक्षिक भ्रमण में ऐतिहासिक तथा सांस्कृतिक विरासतो का बोध कराते हुए सामूहिक रहन-सहन का बोध भी कराया जाएगा। मेधावियों के भ्रमण को लेकर कार्यक्रम के संयोजक नेहा मिश्रा ने बताया कि शिक्षा के साथ सामाजिक एवं राष्ट्रीय परिवेश के भी अनुभव ज्ञान का मेधावियों मे बोध होना आवश्यक है। विद्यालय के प्रबंधक आशीष कुमार पाण्डेय ने नन्हें मुन्हों को शैक्षिक भ्रमण के लिए हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर सुनील पाण्डेय, रोहित, अनुपम, आराध्य पाण्डेय, अनुज श्रीवास्तव, सौम्या, प्रतिमा, कुसुम, सुमन, अमिता, संजू आदि रहे।

# एमडीपीजी कालेज में स्मार्टफोन पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

## प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र की देखरेख में वितरित हुआ



छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित करते अध्यापकगण।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कॉलेज में आज दूसरे दिन बीए तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र ने प्रो अरविंद मिश्र, प्रो आरके दुबे, डॉ छवि नारायण पांडे के संयोजन में अलग-अलग तीन टीमें गठित कर सत्यापन के बाद ही स्मार्टफोन का वितरण कराया।

आज बीए तृतीय वर्ष के 252 छात्र-छात्राओं में स्मार्टफोन का वितरण किया गया। स्मार्टफोन पाते ही बच्चों के चेहरे खिल गए। बच्चों ने कहा कि यह स्मार्टफोन उनकी आगे की पढ़ाई में मददगार साबित होगा। प्राचार्य प्रो मनोज मिश्र एवं नोडल अधिकारी डॉ प्रदीप कुमार सिंह वितरण कार्यक्रम की निगरानी करते रहे। कार्यक्रम में डॉ बलराज मिश्र, डॉ मृदुल उपाध्याय, डॉ राजेंद्र मिश्र, डॉ रंजीत पटेल, डॉ मनीष सिंह, विक्रांत पटेल, अमित वत्स, ए पी सिंह, सत्य प्रकाश, पीयूष सिंह, विजय पांडे, शालिनी, सरिता, अतुल पांडे, सभाजीत यादव आदि ने सहयोग किया। जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे ने बताया कि बीए के शेष छात्र- छात्राओं को कल 30 अक्टूबर को वितरित किया जाएगा। जिन छात्र-छात्राओं का नाम सूची में है किंतु किसी भी कारण से स्मार्टफोन पाने से वंचित रह गए हैं वे सभी छात्र-छात्राएं 31 अक्टूबर को सभी आवश्यक अभिलेखों के साथ महाविद्यालय में उपस्थित होकर स्मार्टफोन प्राप्त कर सकते हैं।

## शिक्षक की मां के निधन पर जताया गया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज के वरिष्ठ शिक्षक आचार्य प्रभाकर नाथ शुक्ल की मां बृजरानी 83 के आकस्मिक निधन पर यहां शिक्षकों व जनप्रतिनिधियों में शोक छा गया। बृजरानी नगर के मनीपुर निवासी रिटायर्ड शिक्षक पं. कालिका प्रसाद शुक्ल की पत्नी भी थी। वह बीमारी के चलते लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती थी। शुक्रवार की देर रात उनके निधन पर विद्या मंदिर में प्रधानाचार्य रामअवधेश मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार को हुई शोकसभा में बृजरानी के निधन पर शोक जताते हुए विद्यालय अनाध्याय हो गया। वहीं क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने भी रिटायर्ड शिक्षक की पत्नी के निधन पर गहरा दुख जताया है। चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने शिक्षक के आवास पर पहुंचकर संवेदना प्रकट की। वहीं तहसील मे अधिवक्ता विभाकर नाथ शुक्ल की भी मां बृजरानी के निधन पर अधिवक्ताओं ने दुख जताते हुए न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री शेष तिवारी ने किया। इधर प्राथमिक शिक्षक संघ की भी बैठक मे साथी शिक्षक सुधाकर शुक्ल की मां बृजरानी के निधन पर शोक जताया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष नवीन शुक्ल व संचालन महामंत्री संतोष मिश्र ने किया।

## 17 घंटे में केस, दो घंटे में छूटे दरोगा-सिपाहियों को पीटने वाले

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली की भंगवा चुंगी पुलिस चौकी के दरोगा और सिपाहियों को पीटने वालों पर 17 घंटे बाद दर्ज मुकदमे में आरोपित के बचाव का पूरा ध्यान रखा गया। एफआईआर दर्ज होने के डेढ़ घंटे बाद शांतिभंग की आशंका में चालान किया गया। एसडीएम ने दोनों को जमानत दे दी। एफआईआर दर्ज होने के बाद दो घंटे में दोनों आरोपित छूट गए।

सपा नेत्री गीता मिश्रा के मकान में किराए पर रहने वाले भंगवा चुंगी चौकी के एसआई राजकुमार के घर गुरुवार रात तकरीबन 10 बजे नगर कोतवाली के दो सिपाही अभिषेक वर्मा व सचिन पहुंचे थे। वहां दो युवकों से विवाद के बाद 6-7 अन्य लोग आए। सबने मिलकर दरोगा और सिपाहियों की पिटाई कर दी। रात में मौके पर पहुंची पुलिस ने सपा नेत्री गीता मिश्रा के पुत्र वशिष्ठ वत्स और सचिन को पकड़ लिया। अन्य आरोपित भाग निकले। आधीरात आरोपितों को कोतवाली लाने के बाद भी पुलिस को एफआईआर दर्ज करने में 17 घंटे लग गए। अगली शाम पांच बजे दर्ज एफआईआर में मारपीट के साथ ही एससीएसटी एक्ट भी लगा। एफआईआर दर्ज होते ही चर्चा होने लगी कि खेल करके आरोपित को जेल जाने से बचा लिया गया। एफआईआर की धाराओं में सात साल से कम सजा होने की दशा में पुलिस उनकी गिरफ्तारी नहीं दिखा सकेगी। हालांकि करीब डेढ़ घंटे बाद भंगवा चुंगी चौकी प्रभारी घनश्याम ने दोनों आरोपित वशिष्ठ वत्स और सुदीप का चालान कर एसडीएम सदर की कोर्ट में पेश किया। वहां से दोनों को जमानत मिल गई।

# मानिकपुर कार्तिक पूर्णिमा मेला की तैयारी बैठक सम्पन्न, एसडीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक



कार्तिक पूर्णिमा मेला की बैठक करते एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी।

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** सिद्ध पीठ मां ज्वालामुखी देवी धाम मानिकपुर में लगने वाला 5 दिवसीय कार्तिक पूर्णिमा का पांच दिवसीय धार्मिक व पौराणिक मेला आगामी 6 नवंबर से 10 नवंबर तक लग रहा है। मेला जिला प्रशासन व मां ज्वालामुखी देवी मंदिर ट्रस्ट के संयुक्त सहयोग से आयोजित होता है। मेले की प्रशासनिक तैयारी बैठक उप जिलाअधिकारी कुंडा सतीश चंद त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

सर्वप्रथम मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव ने मेला से संबंधित कार्य योजना प्रस्तुत करते हुए मेला सकुशल संपन्न कराने की विस्तार पूर्वक जानकारियां दी। उपजिलाधकारी/मंदिर ट्रस्ट उपाध्यक्ष ने कार्ययोजना पर बिंदुवार संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य योजना के अनुसार कार्रवाई तत्काल प्रारंभ कर दी जाए जिससे मेला प्रारंभ होने के पूर्व सारी तैयारियां पूर्ण हो जानी चाहिए।

कार्य के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही अक्षम्य होगी। पीडब्ल्यूडी विभाग अपनी सड़कों को गड्ढा मुक्त करते हुए दुरुस्त कर ले तथा शाहाबाद गंगा स्नान घाट पर गहरे पानी में स्नान करने से बचने के लिए बैरीकेटिंग की व्यवस्था भी करें। बैठक में मुख्य रूप से एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी, मंदिर ट्रस्ट सचिव डॉ विजय यादव, विद्युत उपखंड अधिकारी राहुल वैश्य, मानिकपुर थाना उप निरीक्षक प्रदीप कुमार, फायर ब्रिगेड की तरफ से श्याम बहादुर, तीर्थ पुरोहित संघ अध्यक्ष प्रेमनाथ दीक्षित व अखिलेश यादव समेत अन्य अधिकारीगण व मेला से संबंधित लोग मौजूद रहे।

# सांसद विनोद सोनकर ने सुनी जन समस्या

## जन सुनवाई कार्यक्रम में उमड़े फरियादी

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** कौशांबी सांसद,भाजपा के राष्ट्रीय सचिव,संसदीय आचार समिति लोकसभा के सभापति, प्रभारी दादरा नगर हवेली एवं दमन दीप विनोद सोनकर शनिवार को लोक निर्माण विभाग के डाक बंगला में जन सुनवाई कार्यक्रम में पहुंच कर जन समस्या सुनी।

सांसद कौशांबी विनोद सोनकर के सामने बड़ी संख्या में फरियादी अपनी अपनी समस्या लेकर आए। सांसद ने सभी की समस्या सुनकर सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं को जल्द से जल्द निपटारा कराने का आदेश दिया। सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि अधिकारियों को जन समस्याओं को समय से प्राथमिकता पर निस्तारण कराने का आदेश है।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष राजन मिश्र, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमलेश सोनकर,सांसद मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, योगेन्द्र नाथ मिश्र, उदय शंकर पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह पप्पन,उमा शंकर पटेल, प्रधान सूरज शुक्ला, डिंपू जायसवाल, गोलू शुक्ल, दिनेश गौतम, पूजा सिंह, सिद्धार्थ शंकर श्रीवास्तव, पूर्व प्रधान महेन्द्र सिंह, सुनील केसरवानी, मोहम्मद सोहराब, महेश सिंह, रूपा गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।



सर्व धर्म सभा में मौजूद पदाधिकारीगण।

# भंते सुगतानंद के परिनिर्वाण दिवस पर हुई सर्व धर्म सभा

## परस्पर एकता और सौहार्द का सभी ने लिया संकल्प

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** भारतीय बौद्ध महापरिषद प्रतापगढ़ के तत्वधान में बुध्द बिहार रंजीतपुर चिलबिला के संस्थापक भंते सुगतानंद के परिनिर्वाण दिवस पर सर्वधर्म सभा हुई। आयोजन में सृजना साहित्यिक संस्था, एलायंस क्लब इंटरनेशनल, समन्वय सेवा संस्थान एवं अम्मा साहेब ट्रस्ट का संयुक्त सहयोग मिला। उपस्थित लोगों ने जो विभिन्न पंक्षो से जुड़े हैं, मानव एकता का संकल्प लिया।मुख्य अतिथि जनपद प्रतापगढ़ के अपर जिला अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा ने कहा कि बुद्ध बिहार के सौंदर्यीकरण में प्रशासन का पूरा सहयोग रहेगा। उन्होंने सर्वधर्म सद्भाव के लिए आए अनेक धर्म के अनुयायियों की सराहना की। उन्होंने शांति तथा सौहार्द बनाए रखने की अपील की। अध्यक्षता कर रहे सरदार मंजीत छाबड़ा ने कहा कि सभी धर्म गुरुओं का लक्ष्य प्रेम सद्भाव की स्थापना रहा। कहा कि अपने पंथ की प्रशंसा तथा अन्य के पंथ की अवमानना अनुचित है। मानवता सर्वोच्च धर्म है गुरु नानक ने सेवा को सर्वोपरि बताया। सर्व धर्म सभा में भन्ते कल्याण मित्र, भन्ते धम्म मित्र, डॉ दयाराम मोर्य श्रत्नश, रोशनलाल उमरवैश्य, डॉ आर के सिंह, डॉक्टर श्रद्धा सिंह, राकेश कनौजिया, ऋषि कुमार, श्री राम उमरवैश्य, राजेश कुमार, आनंद मोहन ओझा, संजय कुमार, रमेश सिंह, जय प्रताप सिंह,राजेश यादव, श्रीनाथ मौर्य इत्यादि उपस्थित रहे।

# जाको राखे साईंयां मार सके न कोय...

## नहर रोड पर लावारिस मिली नवजात बच्ची

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** मानवीय संवेदना को लेकर शुक्रवार की रात चर्चा का विषय बन गयी। एक तरफ जहां ममता की निर्ममता की पीड़ा सामने आयी तो वहीं दूसरी तरफ स्थानीय जनप्रतिनिधियों व पुलिस तथा स्वास्थ्य विभाग की पेश हुई मानवता की पहल बाजार में सराहना लिये हुए दिखी।

शुक्रवार की देर रात किसी ने नगर पंचायत के सांगीपुर वार्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय के समीप नहर रोड पर नवजात बच्ची को लावारिस छोड दिया। कहा गया है कि जिसका कोई नही होता उसका खुदा होता है यारों या जाको राखे साईंयां मार सके न कोय के तहत देर रात बाजार से चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी सहयोगियों के साथ घर जा रहे थे। संयोगात स्कूल के पास लघुशंका के लिए चेयरपर्सन प्रतिनिधि का वाहन रूका। इस बीच उनके साथ मौजूद लोगों ने किसी नवजात की रूदन की आवाज सुनीं। टार्च की रोशनी में देखा गया तो तौलिया तथा शॉल मे लिपटी कुछ घंटों की नवजात बच्ची सिसकियां भर रही थी। आननफानन में नवजात को लालगंज सीएचसी लाया गया। यहां चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक कमलेश पाल तथा कोतवाली के दरोगा अनीस यादव व दरोगा योगेन्द्र सिंह एवं महिला आरक्षी शिवांगी अस्पताल पहुंच गये। यहां अधीक्षक डा. अरविंद गुप्ता की देखरेख में नवजात का मेडिकल केयर शुरू हुआ। इधर विधायक आराधना मिश्रा मोना के मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल भी अस्पताल पहुंचे और नवजात की देखरेख के बाबत जानकारियां ली। पुलिस ने नवजात के मिलने की जानकारी फौरन चाइल्ड लाइन को दी। देर रात महिला आरक्षी शिवांगी के साथ नवजात को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजवाया गया। नवजात के लावारिस मिलने पर अस्पताल में मौजूद तीमारदार महिलाएं भी उसे देखने के लिए जुट गयी। नवजात का वजन कराया गया तो वह दो किलो एक सौ तीस ग्राम निकला। शनिवार को नवजात के मिलने की चर्चा बाजार तथा आसपास छायी रही। लोग जहां नवजात को निर्दयता के साथ लावारिस सडक पर छोड देने की टीस मे दिखे, वहीं नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि समेत पुलिस व स्वास्थ्य महकमे की मानवीय संवेदना की सराहना भी करते दिखे।

## पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यालय ने संदीप को किया सम्मानित

### इसी विद्यालय में संदीप ने किया अध्ययन

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** ज्ञान के जिस आंगन में शिक्षा ग्रहण किया, बाद में उसी विद्यालय में शिक्षण कार्य करते हुए पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने पर उसी विद्यालय में सम्मानित होने पर जहां संदीप यादव भावविह्वल हो गए तो उनके शिक्षक साथी भी उनकी सफलता पर तथा उन्हें अपने बीच पाकर अभिभूत हो गए। अवसर था सम्मानित कार्यक्रम का जिसमें पीसीएस की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले संदीप यादव को विद्यालय परिवार ने सम्मानित किया। पट्टी तहसील क्षेत्र के बिरौती गांव के रहने वाले राजाराम यादव के पुत्र संदीप यादव शुरूआत से ही मेधावी छात्र रहे। उनके चाचा बैजनाथ यादव शिक्षण के क्षेत्र में रहे और वह उन्हें पढ़ाई के प्रति हमेशा प्रेरित करते रहें। संदीप यादव पट्टी तहसील क्षेत्र के जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में अपनी प्राथमिक शिक्षा ग्रहण किया बाद में स्थिति ठीक ना होने के कारण प्राइवेट शिक्षक के रूप में वहीं पर पढ़ाने लगे।

अध्यापन कार्य के साथ-साथ अध्ययन का सिलसिला जारी रखा कुछ दिन पहले वह टीजीटी की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद बतौर शिक्षक झांसी में नियुक्त हो गए। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा में भी वह उत्तीर्ण हुए तो उन्हें राजकीय इंटर कॉलेज का प्रधानाचार्य बनाया गया झांसी से गांव लौटने पर शनिवार को जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रधानाचार्य सुनील कुमार मिश्रा ने अंग वस्त्र तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके उन्हें सम्मानित किया। मौजूद छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए संदीप यादव ने कहा की बुरे दौर में भी संघर्ष को नहीं छोड़ना चाहिए। आत्मविश्वास बनाए रखने तथा सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करने से सफलता हासिल होती है कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक बाबुलनाथ पांडे, संतोष तिवारी, रंजना मिश्रा, अमित श्रीवास्तव सहित कई अध्यापक तथा सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय एकीकरण के रूप में मनाया जायेगा सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती

**कौशाम्बी।** प्रत्येक वर्ष 31 अक्टूबर को भारत के राजनीतिक एकीकरण में प्रमुख भूमिका निभाने वाले लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को ह्लराष्ट्रीय एकीकरणह्न के रूप में अत्यन्त भव्यता एवं गरिमा के साथ मनाया जाता है। शासन द्वारा इस वर्ष भी दिनांक 31 अक्टूबर 2022 को लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयन्ती को ह्लराष्ट्रीय एकीकरणह्न के रूप में मनाये जाने के निर्देश दियें गये हैं। इस अवसर पर जनपद के सभी कार्यालयों में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रीय एकता प्रतिज्ञा लिया जायेंगा । एकता, अखण्डता और सुरक्षा की भावना को मजबूती प्रदान करने के लिए पुलिस, पी0एस0सी0, एन0सी0सी0 कैडेट तथा अन्य सुरक्षा बलों द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया जायेगा। जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा तथा खेल विभाग के सहयोग से जनपद में एकता दौड़ का आयोजन किया जायेगा। उच्च शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग द्वारा जनपद में सरदार वल्लभ भाई पटेल जी की जीवन, कार्य एवं दर्शन पर आधारित क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेंगा तथा प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं प्रथम/द्वितीय/तृतीय पुरस्कार प्राप्त विजेताओं को पुरस्कार राशि दी जायेंगी। युवा कल्याण विभाग द्वारा ग्रामीण स्तर पर युवक मंगल दलों एवं महिला मंगल दलों के सहयोग से व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले युवाओं को जोड़कर इस जयन्ती का आयोजन किया जायेगा।

# पेशी पर लाया गया सजायाफ्ता फरार अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## हत्या के मामले में 2 साल पूर्व तीन अभियुक्तों को अदालत से हुई थी आजीवन कारावास की सजा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** गैंगेस्टर के मामले में पेशी पर जेल से लाया गया सजायाफ्ता मुल्जिम अदालत से फरार हो गया है। मामले की जानकारी तब हुई जब जेल में एक कैदी की संख्या काम मिली। मामले की जानकारी होने पर पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। खोजबीन के बाद पता चला कि अदालत परिसर से फरार होने वाला मुल्जिम हत्या जैसे संगीन वारदात में जेल में सजा काट रहा था। जिसे शुक्रवार को जेल से अदालत गैंगेस्टर के मामले में पेशी पर लाया गया था। फरार मुल्जिम को पकड़ने के लिए एसपी ने लापरवाह पुलिस कर्मियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही किये जाने का आदेश जारी किया है। फरार मुलजिम की तलाश में अपर पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के निर्देशन में कोतवाल मंझनपुर विनोद कुमार सिंह ने अपने मुखबिरों का जाल बिछाया जिस पर



अदालत से फरार सजायाफ्ता मुलजिम पुलिस हिरासत में

थाना सैनी पुलिस की मदद से नहर रोड कोरियो थाना सैनी से पुलिस ने फरार अभियुक्त संतोष कुमार भारतीय को गिरफ्तार कर लिया है और दोष सिद्ध अभियुक्त को अदालत में पेश किया है पिपरी थाना के गांजा गांव निवासी सुरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ बुदुल की हत्या अगस्त 2016 में गांव के संतोष भारतीय पुत्र गंगा प्रसाद, जीतेन्द्र भारती पुत्र बरखण्डी लाल, गुड्डू पुत्र तीरथ भारती ने मिलकर कर दी थी। सुरेंद्र उर्फ बुदुल हत्या कांड में सुनवाई करते हुए जिला अदालत ने तीनो मुल्जिम को आजीवन कारावास की सजा 2 साल पहले सुनाई थी। जिसके बाद से मुल्जिम जेल में अपनी अपनी सजा काट रहे है। पिपरी पुलिस ने संतोष भारतीय के अपराध की प्रकृति को देखते हुए उसके खिलाफ गैंगेस्टर की कार्यवाही की थी। शुक्रवार को संतोष भारतीय पुत्र गंगा प्रसाद की गैंगेस्टर मामले की पेशी जिला अदालत में थी। जिसके चलते जेल से संतोष भारतीय को पुलिस कस्टडी में अदालत लाया गया। पेशी के बाद संतोष अदालत परिसर से अचानक सुरक्षा में लगे पुलिस कर्मी की नजर बचा कर गायब हो गया। शाम को जेल में बंदी की वापसी में एक कैदी कम मिला। बंदी रक्षको ने मामले की सूचना जेल अधीक्षक एवं जेल अधीक्षक ने दोष सिद्ध मुलजिम के फरार होने की सूचना पुलिस अधिकारियो को दी फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी को पुलिस टीम सक्रिय हुई और अभियुक्त को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया है।

### 7 वर्षों के बाद ग्राम प्रधान के प्रयास से पहुंची गांव में लाइट

**पश्चिम शरीरा कौशांबी** पश्चिम सरीरा विद्युत पावर हाउस के अंतर्गत पूरब शरीरा ग्राम पंचायत के मजरा घोसरा पर 25 केवीए का ट्रांसफार्मर लगा हुआ था इसी ट्रांसफार्मर से भीटी पर के मजरा में विद्युत सप्लाई की जाती थी लेकिन लोड बढ़ जाने के चलते भीटी पर विद्युत सप्लाई 7 वर्षों पूर्व बंद कर दी गई पूर्व प्रधान ट्रांसफार्मर उठा ले गयी जिससे भीटी पर के लोगों को विद्युत सप्लाई पूरी तरह से विभाग ने बंद कर दी लगातार ग्रामीण अधिकारियों से मुलाकात कर विद्युत सप्लाई शुरू कराए जाने की मांग करते रहे लेकिन ग्रामीणों को विद्युत लाइट नहीं मिल पा रही थी पश्चिम शरीरा के पूर्व ग्राम प्रधान पवन मिश्रा ने भीटी पर लाइट पहुंचाने का प्रयास शुरू किया अधिशासी अभियंता विद्युत अधीक्षण अभियंता विद्युत मुख्य अभियंता विद्युत प्रयागराज से भी मिलकर पूर्व ग्राम प्रधान पवन मिश्रा ने गांव की समस्या से अवगत कराया जिस पर मुख्य अभियंता के निर्देश पर 25 केवीए के स्थान पर 63 केवीए का ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिया गया है मुख्य अभियंता के निर्देश के बाद 63 केवीए का ट्रांसफार्मर गांव पहुंच चुका है जिससे ग्रामीणों में यह उम्मीद जाग गई है कि उन्हें जल्द विद्युत सप्लाई मिल जाएगी अवर अभियंता पश्चिम शरीरा ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर तारों का विस्तार करके भीटी पर मजरा में विद्युत सप्लाई पहुंचाई जाएगी।

## मेड़ई कल्याणी सेवा ट्रस्ट द्वारा आयोजित होगा ग्राम गौरव उत्सव कार्यक्रम

### 4, 5 व 6 नवम्बर को आयोजित कार्यक्रम में कई मंत्री होंगे शामिल

**कौशाम्बी।** जिले के देवरा गांव में 4,5 और 6 नवम्बर को मेड़ई कल्याणी सेवा ट्रस्ट द्वारा ग्राम गौरव उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया है,जिसमे यूपी सहित अन्य प्रदेश के कई मंत्री शामिल होंगे,जिसे लेकर तैयारियां जोरों पर है। इस उत्सव में विभिन्न कार्यक्रमों के द्वारा कई गतिविधियां आयोजित की जाएगी। जिसमें देश व कई प्रदेशों के वीवीआईपी शामिल होगे। मेहमानों के आगमन को लेकर ट्रस्ट ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। पंडित दीनदयाल धाम के निवर्तमान डायरेक्टर व ट्रस्ट के संरक्षक राजेन्द्र प्रसाद ने बताया की विगत वर्षो की भॉति इस वर्ष भी मूरतगंज ब्लाक के नरवर पट्टी का मजरा देवरा गांव में मेड़ई कल्याणी सेवा ट्रस्ट के द्वारा ग्राम गौरव उत्सव का आयोजन किया गया है। उन्होने बताया कि समाज को जागरूक करने, शिक्षा व स्वास्थ्य से संबन्धित विभिन्न जानकारियां समाज को प्रदान करने के उद्देश्य से चार वर्ष पूर्व ट्रस्ट की स्थापना की गई थी। ट्रस्ट द्वारा निरन्तर समाज सेवा का कार्य बाखूबी निर्वहन किया जा रहा है। इस बार ट्रस्ट अपना चौथा स्थापना दिवस भी पूर्व की भॉति ग्राम गौरव उत्सव के रूप में मनाएगा। उन्होने बताया कि आगामी 4 नवम्बर को स्वास्थ्य शिविर जिसमें एलोपैथी, योगा, फिजियोथेरेपी, होम्योपैथी व आयुर्वेद के स्टाल लगाए जाएगे। इसके साथ ही निःशुल्क नेत्र जॉच, खेलकूद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी, रंगोली, मेंहदी, सिलाई, लोकगीत व बिरहा का आयोजन किया जाएगा। 5 नवम्बर को पशु स्वास्थ्य शिविर, स्वस्थ्य देशी गाय प्रतियोगिता, गाय पर निबन्ध, प्रश्नमंच व राष्ट्रीय कवि सम्मेलन एवं 6 नवम्बर को विभिन्न बिषयों पर सेमीनार और प्रतिभा सम्मान तथा रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होगें। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी, खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री गिरीश चन्द्र यादव, ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, गन्ना विकास मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, संसदीय कार्य एवं आवास विकास राज्य मंत्री यशवंत सैनी, मुख्य सूचना आयुक्त उ.प्र. किरनबाला चौधरी, अपर कमिश्नर दिव्यांगजन एवं न्यायालय उत्तर प्रदेश शैलेन्द्र कुमार सोनकर, डीजी पुलिस उ.प्र. विजय कुमार मौर्य, अखिल भारतीय संगठन मंत्री लोक भारतीय बृजेन्द्र पाल सिंह, मेवालाल अध्यक्ष मुस्कान ज्योति, वरिष्ठ सलाहकार कृषि नीती आयोग भारत सरकार नीलमपटेल ने शामिल होने के लिए अपनी हरी झंडी दे दी है। शेष अन्य अतिथियों/वीवीआईपी के अभी आने की संभावना है। ट्रस्ट के महामंत्री रामेन्द्र मौर्य ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारियां तेज कर दी गई है। मेहमानों के ठहराव के लिए उचित प्रबन्ध किए जा रहे है।

## खाना बनाते समय कुकर का निकला सेफ्टीवाल महिला गंभीर झुलसी



अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के देवरा ग्राम सभा में खाना बनाते समय कुकर का सेफ्टी वाल फट गया है जिससे खाना बना रही महिला गंभीर रूप से झुलस गई है घायल अवस्था में महिला को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है घटना शनिवार की सुबह 7:00 बजे की है बताया जाता है कि शांति देवी पत्नी शिव भजन निवासी देवरा शनिवार की सुबह कुकर में खाना बना रही थी इसी बीच कुकर का सेफ्टी वाल फट गया है जिससे कुकर की भाप और खौलता पानी की फुहार कुकर से निकलने लगी जिससे उनके हाथ पैर चेहरे में कुकर का भाप और गर्म पानी की फुहार पड़ गयीऔर वह गंभीर रूप से झुलस गई हैं।

### निरोधात्मक कार्यवाही में 22 अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना मंझनपुर से दो थाना करारी से दो थाना कौशाम्बी से छः थाना सराय अकिल से तीन थाना पिपरी से एक थाना कोखराज से एक थाना सैनी से छः थाना कड़ाधाम से एक कुल 22 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।

### चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 150 वाहनों का ई-चालान व एक वाहन का चालान कर 500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया तथा एक वाहन सीज किया गया।

# दबंगों ने पूरे परिजनों पर किया प्राणघातक हमला

## कई दिन बीते कोखराज थाना पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर नहीं की गिरफ्तारी, पुलिस को मैनेज करने के नाम पर ग्राम प्रधान ने आरोपियों से वसूली मोटी रकम

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के मखदुमपुर काजी गांव में 22 अक्टूबर की रात में गांव के मकबूल अहमद के तीन बेटे अपने पांच अन्य अज्ञात साथियों के साथ लाठी डंडा सरिया चापड़ से लैस होकर गांव के मंसूर अहमद पुत्र मंजूर अहमद के घर में चढ़ कर गाली-गलौज शुरू कर दिया लाठी डंडा सरिया चापड़ लेकर मंसूर के घर पहुंचे दबंगों ने पूरे परिजनों पर हमला कर दिया अंधेरी रात में परिजनों को दबंगों ने दौड़ा-दौड़ा कर पीटा पूरा गांव तमाशबीन बना रहा घंटों दबंगों ने नग्न तांडव किया हो हल्ला चीख-पुकार सुनकर मंसूर अहमद की मां फातिमा बीबी शहनाज बेगम पत्नी सबीहा पत्नी सेबू बेटा सलमान आदि निकल आए और हमलावरों को ललकारा लेकिन आक्रोशित हमलावरों ने परिजनों पर भी हमला कर दिया इस हमले में मंसूर अहमद उसकी पत्नी शहनाज बेगम उसकी माता फातिमा बीवी सबीहा आदि को गंभीर चोट लगी हैं हमलावरों ने सभी के सिर में सरिया और डंडा मारकर लहूलुहान कर दिया है मामले की सूचना पाकर स्थानीय पुलिस मौके




पुलिस कार्यालय पहुंचे हमले में घायल ग्रामीण

पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया घटना की सूचना परिजनों ने कोखराज थाना पुलिस को दिया है लेकिन पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी नहीं की है एक सप्ताह से न्याय पाने के लिए लगातार घायल परिजन कोखराज पुलिस से मिन्नत कर रहे हैं लेकिन पुलिस हमलावरों पर कार्रवाई करने को तैयार नहीं है थाना पुलिस से न्याय की उम्मीद छूट जाने के बाद पीड़ित परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और शिकायती पत्र देकर हमलावरों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने उनकी गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है बताते चलें कि इसके पहले भी मकबूल अहमद के बेटों ने मंसूर अहमद के परिवार पर कई बार हमला किया है लेकिन बार-बार हमले के मामले को थाना पुलिस ना दर्ज करके अपराधियों का मनोबल बढ़ा रही है थाना पुलिस का समर्थन मिल जाने से अपराधियों के हौसले बुलंद है और आए दिन बाद कहर बरपा रहे हैं परिजनों ने बताया कि थाना पुलिस के एक उपनिरीक्षक के चलते उन्हें न्याय नहीं मिलता दिख रहा है उन्होंने उपनिरीक्षक पर हमलावरों से सांठगांठ का आरोप भी लगाया है घायल परिजनों ने बताया कि हमलावर जिला अस्पताल पहुंचकर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहे हैं परिजनों का कहना है कि इसके पहले भी उपरोक्त दबंग कई बार हमला कर चुके हैं और ग्राम प्रधान हमलावरों को संरक्षण देकर पुलिस के नाम पर उनसे मोटी रकम वसूल लेते हैं और ग्राम प्रधान के दबाव में थाना पुलिस हमलावरों पर कार्रवाई नहीं कर रही है।

# डेंगू से होमगार्ड की मौत चार दिन पहले आया था बुखार

## डेंगू की रिपोर्ट आने पर प्रयागराज के निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में पूरब शरीरा गांव में रहने वाले होम गार्ड की मौत प्रयागराज में इलाज के दौरान मौत हो गई। होम गार्ड पिछले 4 दिन से बुखार से पीड़ित था। डेंगू की पाजटिव रिपोर्ट आने पर उसे इलाज के लिए पहले जिला अस्पताल और फिर प्रयागराज इलाज के लिए भेजा गया था। फतेहपुर जिले धाता थाना क्षेत्र के सुरझानपुर गांव में रहने वाले श्रवण कुमार उम्र 42 वर्ष पुत्र लक्ष्मण प्रसाद मौजूदा समय में अपनी ससुराल पूरब शरीरा में रहते थे। श्रवण कुमार होम गार्ड विभाग में तैनात थे। वर्तमान समय में श्रवण कुमार ट्रैफिक विभाग में ड्यूटी कर रहे थे। 4 दिन पहले ड्यूटी कर श्रवण कुमार अपने घर पहुंचे तो उन्हें शरीर में दर्द ० बुखार की शिकायत हुई। पहले उन्होंने नीम हकीम से दवा लेकर डियूटी पर दूसरे दिन आ गए बुखार ज्यादा होने के चलते श्रवण ने जिला



होमगार्ड की मौत पर रोते बिलखते परिजन

अस्पताल में अपनी जाँच कराई और वापस घर चले गए। बुखार ज्यादा होने पर उसे परिजनों ने निजी अस्पताल में भर्ती कराया। स्थिति नियंत्रण में न आने पर श्रवण के परिजनों ने उसे प्रयागराज के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहाँ 2 दिन इलाज के पश्चात उसकी मौत हो गई। श्रवण कुमार अपने पीछे पत्नी वा 3 बेटी 2 बेटा छोड़ गए है। परिवार में मौत के बाद रोना पीटना मचा हुआ है पत्नी सुमित्रा देवी ने बताया कि पति श्रवण कुमार को 4 दिन पहले बुखार हुआ था इलाज के लिए जिला अस्पताल समेत प्रयागराज तक लेकर गए पर उनकी जान नहीं बच सकी। अब किसके सहारे बच्चो को वह पालेगी।

## डेंगू और विकास कार्यो में उदासीनता के बिरोध में सभासदों ने किया नगर पंचायत का घेराव



अधिशासी अधिकारी से मुलाकात कर समस्या बताते सभासद

**कौशाम्बी** इन दिनों डेंगू जैसे घातक बीमारी से काफी लोग पीड़ित होकर अपनी जान गवा रहे है।लेकिन सराय अकिल नगर पंचायत के जिम्मेदार अपनी मनमानी से बाज नहीं आरहे है।इसी बात को लेकर शासन द्वारा मनोनीत सभासद और अन्य सभासदों ने ई ओ का घेराव किया और सवाल पूछे कि मच्छरों का लगातार प्रकोप बढ़ रहा है और नगर पंचायत सराय अकिल में न तो दवा का छिड़काव किया जा रहा है और न ही फोगिंग किया गया है कर्मचारियों को दिया जाने वाला वेतन का पैसा पैंशनरो को दिया गया तो पैंशन का पैसा कहा गया दो वर्षों से मनोनीत सभासदों की बोर्ड की बैठक नहीं कराई गई।रजिस्टर घर भेजवाकर सिग्नेचर करा लिया जाता है नगर पंचायत में पूरी तरह लाइट की व्यवस्था नहीं है हैण्ड पंप रिपेरिंग का पैसा नहीं दिया गया। यह तो वह सवाल है जो सभासदों द्वारा ई ओ से किया गया।जिसका जवाब ई ओ ने दिया कि बजट नहीं है सोचने वाली बात है कि 5 वर्ष का कार्यकाल बीत चुका है और अब सभासद जागे है।अगर यही सवाल पहले किया जाता तो आज नगर पंचायत की जनता का यह हाल न होता।अंत में सभासदों ने ई ओ को सोमवार तक का समय दिया है सभासदों ने कहा कि नहीं तो जिलाधिकारी से शिकायत किया जाएगा सभासदों में निखिल केसरवानी,रामु अग्रहरी,विजय सोनी,राम बहादुर जायसवाल अखिल रस्तोगी,कृष्णा,आदि लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### पकसराई गांव में कैंप लगाकर ग्रामीणों को खोले गए खाते




**करारी कौशाम्बी।** बैंकिंग कार्यों से आम जनमानस को जोड़ने के लिए जिले के कई ग्राम पंचायतों में शनिवार को कैंप लगाया गया था बैंक के द्वारा लगाए गए कैम्प में जिन ग्रामीणों के अभी तक बैंक में खाते नहीं खुले हैं उन ग्रामीणों के कैंप के माध्यम से निशुल्क खाते खोले गए हैं इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को बैंकिंग की जानकारी दी गई है सरकार के निर्देश पर एलडीएम ने सभी बैंकों को कैंप लगाए जाने के निर्देश जारी किया था इसी क्रम में जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को कैंप लगाए गए हैं चायल तहसील क्षेत्र के बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा काजू द्वारा पकसराई गांव में कैंप का आयोजन किया गया है बैंक द्वारा आयोजित कार्यक्रम में तमाम ग्रामीण पहुंचे हैं जिन्हें सरकार की मंशा के अनुसार सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है कैम्प में अटल पेंशन योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना किसान क्रेडिट कार्ड मुद्रा लोन खाता संबंधी कार्य हुए इस मौके पर शाखा प्रबंधक सौरव गुप्ता, उप प्रबधक देवेश बाजपेई, वेद प्रकाश यादव, ओम देव,प्रदीपकुमार,चंद्रभूषण शिवकुमार सहित इलाके के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय आविष्कार के अंतर्गत बीआरसी में क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**कौशाम्बी।** खंड शिक्षा अधिकारी सरसवाँ प्रमोद कुमार के नेतृत्व में ,राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत शनिवार को सरसवाँ बीआरसी में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। इस परीक्षा में विकासखंड सरसवा के प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं कम्पोजिट विद्यालय के एक एक बालक व बालिका को प्रतिभाग कराया गया।परीक्षा में कुल 93 बच्चो ने प्रतिभाग किया ध्यातव्य है कि इस परीक्षा में चयनित 50 सफल बच्चो को आगे दिनांक 07 नवम्बर को एक्सपोजर विजिट कराया जायेगा। इस प्रतियोगिता मे चयनित 10 सर्बश्रेष्ठ बच्चों द्वारा जनपद स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता मे प्रतिभाग किया जायेगा इस मौके पर समस्त एआरपी, छात्रों के अभिभावक प्रतिभागी छात्रों के स्कूल के एक अध्यापक और खण्ड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

### गांजा के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कौशाम्बी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त दिनेश कुमार पुत्र सुखलाल निवासी महंगूपुर थाना सराय अकिल को 240 ग्राम अवैध गांजा बरामद होने पर गिरफ्तार कर बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय भेज दिया है।

## कोर्ट में फर्जी टीसी दाखिल करने पर पर एफआईआर का आदेश

### हत्या के केस में आरोपी को नाबालिग करार देने के लिए किया था फजीर्वाड़ा

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी।** हत्या के केस के आरोपी को नाबालिग घोषित कराने के लिए दी गई अर्जी खुद आरोपी और उसके पिता के लिए बवाल-ए-जान बन गई। अर्जी के साथ दाखिल की गई स्कूल टीसी फर्जी पाए जाने पर एडीजे फर्स्ट शिवानंद सिंह ने मामले में थानाध्यक्ष कोखराज को एफआईआर दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता अनिरुद्ध कुमार मिश्र ने बताया कि कोखराज थानाक्षेत्र के चाकवन बाजार में २३ जनवरी २०२० को खालिसपुर निवासी जफर उल्ला को कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश के चलते ईंट व चापड से हमला करके गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जफर उल्ला की इसके दूसरे दिन ही मौत हो गई थी। मामले में मृतक के लड़के शाहरुख ने बघेलापुर निवासी वसीम अख्तर, दानिश, वारिस व रहीम के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। मामले में आरोपित अब्दुल रहीम को नाबालिग करार देते के लिए उसके पिता मुकीम उद्दीन सिद्दिकी ने कोर्ट में अर्जी दाखिल की। वादी के अधिवक्ता आनंद शुक्ला ने अर्जी का विरोध किया। इस पर कोर्ट ने अर्जी के साथ दाखिल किए गए प्रपत्रों की जांच कराई तो प्राथमिक विद्यालय राला की टीसी फर्जी पाई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने थानाध्यक्ष कोखराज को एफआईआर दर्ज करके विवेचना करने का आदेश दिया है।

### शराब के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** जिले में चलाए जा रहे अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के विरुद्ध अलग अलग थानों की पुलिस बल द्वारा चार अभियुक्तो को गिरफ्तार करते हुए 26 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर गिरफ्तार अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना पश्चिम शरीरा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त भारत लाल यादव पुत्र राम केश पुत्र जवाहिरलाल निवासी ग्राम पूरब शरीरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 07 लीटर सूरज पुत्र कालीदीन निवासी बरइन का पुरा मजरा पूरब शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 08 लीटर व लवलेश पुत्र स्व0 छोटे लाल निवासी ग्राम बक्सी का पूरा थाना पश्चिम शरीरा को गिरफ्तार कर कब्जे से 06 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है इसी प्रकार थाना चरवा पुलिस बल द्वारा अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र मोती लाल निवासी चौराडीह थाना चरवा को गिरफ्तार कर कब्जे से पांच लीटर अवैध शराब बरामद होने पर चालान न्यायालय कर दिया है।

# ब्लॉक स्तरीय दिव्यांग क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

अखंड भारत संदेश

**कौशाम्बी** समग्र शिक्षा अभियान के तहत कम्पोजिट विद्यालय बक्सीपार में दिव्यांग बच्चों हेतु विकासखंड सरसवां का ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी सरसवां प्रमोद कुमार तथा ग्राम प्रधान बक्सीपार द्वारा दीप प्रज्वलित कर तथा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांग बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया तत्पश्चात विभिन्न श्रेणी के दिव्यांग बच्चों हेतु खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित कराया गया जिसमें दृष्टिहीन बच्चों में धागा मोती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें आयुष शर्मा को प्रथम स्थान साक्षी सिंह को द्वितीय स्थान तथा मोनी देवी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार छूकर पहचानो प्रतियोगिता में साक्षी सिंह प्रथम रेशमी पाल दितीय तथा मोनिका पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मूक बधिर बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता में इंद्राणी ने प्रथम अंजलि ने दितीय तथा मूर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चम्मच गोली रेस में हिमांशु ने प्रथम सुमित ने द्वितीय तथा वंदना ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। शारीरिक दिव्यांग बच्चों की 100 मीटर दौड़ बालक में सोनू ने प्रथम पंकज ने द्वितीय तथा सिंटू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया तथा बालिका वर्ग में सुमन ने प्रथम इंद्राणी ने द्वितीय तथा करिश्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।




कार्यक्रम में उपस्थित खंड शिक्षा अधिकारी व अन्य

इसी प्रकार मानसिक दिव्यांग बच्चों की जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में महेश्वरी ने प्रथम खुशबू बानो ने द्वितीय तथा रिया त्रिपाठी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर प्रतिभागी विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण किया गया कार्यक्रम में नोडल शिक्षक संकुल अरुण कुमार श्रीवास्तव तथा कम्पोजिट विद्यालय बक्सीपार के समस्त स्टाफ सहित स्पेशल एजुकेटर छोटे लाल पाल, शारदा कुमार सिंह, अनिल सिंह के साथ-साथ पंकज साहू फिजियोथैरेपिस्ट तथा राजीव तिवारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन पंकज सिंह प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय लौधना द्वारा किया गया।

संपादकीय

# सुनक: ब्रिटेन की आर्थिक चुनौतियों के ट्रबल शूटर

**ब्रिटिश** पार्लियामेंट के 210 साल के इतिहास में पहले अश्वेत 42 वर्षीय ऋषि सुनक की कंजरवेटिव पार्टी के ट्रबल शूटर के रूप में प्रधानमंत्री के रूप में ताजपोशी हुई है। ब्रिटिश पार्लियामेंट के कंजरवेटिव पार्टी में 2 माह में तीसरे प्रधानमंत्री बने ऋषि सुनक के सामने ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था,समाजिक, और राजनैतिक अव्यवस्था एवं पार्टी के अंतर्विरोध को खत्म करने का जिम्मा उनके ऊपर अभी अधिरोहित हो गया है। वर्तमान में ब्रिटिश पार्लियामेंट में कंजरवेटिव पार्टी में प्रधानमंत्री का पद कांटों का ताज है और यही वजह है कि ऋषि सुनक के पूर्व प्रधानमंत्री लीज ट्रस ने अपनी गलत नीतियों के चलते इस्तीफा दे दिया। ऐसे वक्त में यदि कंजरवेटिव पार्टी चुनाव का ऐलान करती तो विपक्षी लेबर पार्टी इन परिस्थितियों और समय का फायदा उठाकर सत्ता में काबिज हो सकती थी। कंजरवेटिव पार्टी बोरिस जॉनसन और उनके सांसदों के समक्ष ऋषि सुनक के (जिन्होंने आगे बढ़कर ब्रिटेन की इतनी बड़ी जिम्मेदारी को अंगीकार किया,) अलावा कोई विकल्प शेष नहीं था। हालांकि बोरिस जॉनसन और उनकी पार्टी के अनेक सांसद ने ऋषि सुनक के प्रधानमंत्री बनने के विरोध में हर संभव प्रयास किए थे और वे सब लीज ट्रस को को प्रधानमंत्री बनाने के बाद सफल भी हो गए थे, पर प्लीज ट्रस्ट कि अपरिपक्वता एवं अनुभव हीनता के कारण ऋषि सुनक को कंजरवेटिव पार्टी का सर्व मान्य नेता बनाकर प्रधानमंत्री का पद सौंपा गया। वर्तमान में कंजरवेटिव पार्टी के खिलाफ ब्रिटेन में भारी जन आक्रोश फैला हुआ है, इन विषम परिस्थितियों में ऋषि सुनक के सामने आर्थिक, वित्तीय,समाजिक चुनौतियां मुंह बाए खड़ी है। भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक हिंदू धर्म के विनम्र अनुयाई युवा ऋषि सुनक वेस्टमिंस्टर के सांसदों में सबसे धनी सांसद हैं। उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति ब्रिटेन की सर्वाधिक धनी महिलाओं में से एक हैं, और इंफोसिस जैसी बड़ी वैश्विक सॉफ्टवेयर कंपनी के मालिक कृष्णमूर्ति की इकलौती पुत्री है। ऋषि सुनक के सामने ब्रिटेन की आर्थिक विषमताओं बेरोजगारी जनाक्रोश और बढ़ती हुई मुद्रास्फीति एवं बिजली की आसमान छूती दरों को रोकने की बड़ी चुनौती सामने है। ऋषि सुनक ब्रिटेन के सबसे युवा प्रधानमंत्री होने के साथ-साथ ऑक्सफोर्ड तथा स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से दीक्षित प्रधानमंत्री भी है। उन्हें ब्रिटेन के बड़े इन्वेस्टमेंट बैंक में काम करने का अनुभव होने के साथ-साथ वित्तीय मामले की गहरी जानकारी भी है।

# स्वास्थ्य मौलिक अधिकार हो

**डॉ अरुण**

**ग्रामीण** और शहरी क्षेत्रों में डॉक्टरों का समान वितरण सुनिश्चित किया जाये। चिकित्सा शिक्षा राज्य क्षेत्र में ही दी जानी चाहिए। मिक्सोपैथी के बजाय केवल चिकित्सा प्रणाली के साक्ष्य आधारित वैज्ञानिक पद्धति की अनुमति दी जानी चाहिए। खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत उचित उपायों के माध्यम से अच्छा पोषण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। विद्यालयों में मध्याह्न भोजन तथा सभी राज्यों में निःशुल्क नाश्ता योजना उपलब्ध कराई जाए। लोकतंत्र यह तय करने का एक साधन है कि हम कैसे शासित होना चाहते हैं। इसलिए मतदाताओं को लुभाने तथा उनके मत प्राप्त कर सत्ता की सीट तक पहुंचने के लिए राजनीतिक दल अपना एजेंडा तय करते हैं। वे लोकलुभावन नारे देते हैं, परन्तु उन्हें पूरा कर पाते हैं या नहीं यह एक अलग सवाल है। हमारे देश के गरीबी से त्रस्त समाज में राहत की थोड़ी सी मात्रा भी बहुत मायने रखती है। शिक्षा और स्वास्थ्य किसी भी समाज के लिए संपत्ति हैं और समावेशी तथा समग्र विकास के लिए आधार हैं। लेकिन एक के बाद एक सरकारों ने उन पर उचित ध्यान नहीं दिया। किसी भी व्यक्ति के लिए काम करने और मानव-दिवस में पूरी क्षमता से योगदान करने के लिए स्वास्थ्य प्राथमिक आवश्यकता है। परन्तु चिंताजनक बात यह कि भारत में जीवित जन्मे प्रत्येक 1000 बच्चों में शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) 27.7 है, और 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में यह 32 है जबकि मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 103 प्रति 100,000 है। यह शर्म की बात है कि विश्व भूख सूचकांक में भारत 120 देशों में से 107वें स्थान पर है। खराब योजना और बुनियादी ढांचे के कारण मलेरिया, तपेदिक, हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर आदि जैसी बीमारियां कोविड महामारी के दौरान उपेक्षित रहीं। कोविड के कारण भी हमने 25 से 40 लाख लोगों को खो दिया। इसलिए टुकड़ों में दृष्टिकोण रखने के बजाय नागरिकों के लिए व्यापक स्वास्थ्य देखभाल की व्यवस्था करने की आवश्यकता है। नव-उदारवादी आर्थिक नीतियों के बाद शुरू की गई बीमा आधारित स्वास्थ्य प्रणाली लोगों को व्यापक स्वास्थ्य सेवा देने में विफल रही है, इसके बजाय यह सार्वजनिक धन से कॉपोरेट क्षेत्र में पैसा लगाने का साधन बन गई है। आयुष्मान भारत सहित सभी बीमा प्रणालियां केवल इनडोर देखभाल को कवर करती हैं, जबकि लगभग 70 फीसदी खर्च ओपीडी देखभाल पर होता है। केवल ईएसआई योजना, ईसीएचएस और सीजीएचएस रोगियों के बाहरी और इनडोर देखभाल दोनों को कवर करती है।

सरकार स्वास्थ्य देखभाल की जिम्मेदारी लेने के बजाय विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों को निजी क्षेत्र को आउटसोर्स कर रही है। जिला अस्पताल, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) सहित सरकारी अस्पतालों को निजी नियंत्रण में लाने का प्रयास किया जा रहा है। यह आगे निम्न और मध्यम आय वर्ग के लोगों की गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल से वंचित करेगा।

# कायाकल्प की कवायद: कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा

**'भारत जोड़ो यात्रा' निश्चित ही कई नयों को कांग्रेस से जोड़ेगी, किन्तु यदि कांग्रेस को आगे के चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करना है तो चुनावी जीत के नए औजारों को नियोजित और नियंत्रित करना सीखना होगा। पहले से जुड़े कांग्रेसी न टूटें, इसके लिए भी प्रयास कम जरूरी नहीं'**



**अरुण तिवारी**

**यह** यात्रा और इससे प्रसारित व प्राप्त ऊर्जा, कांग्रेस के लिए एक सुअवसर है कि वह अपने भीतर-बाहर जो कुछ बदलना चाहती है, बदल डाले। जैसी अंगड़ाई लेना चाहती है, ले सकती है। जैसी नई कांग्रेस बनाना चाहे, बना सकती है। वह नए पिण्ड में पुरानी आत्मा वाली कांग्रेस बनना चाहती है अथवा पुराने पिण्ड में नई आत्मा वाली कांग्रेस; यह कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं के तय करने की बात है। चौक-चौबारों पर चौकड़ी जमाये बैठे लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं से बात करने पर जो राय सामने आई है, उसे आधार बनाकर कांग्रेस की 'भारत जोड़ो' यात्रा को कुछ नए तरीकों से देखा-समझा जा सकता है। अपने से कमजोर को स्नेह से चिपटा लेना, बराबर वाले को गले लगा लेना और बड़े के चरणों में झुककर अंगूठा छू लेना; दूसरे से पा लेने का यही विज्ञान है और हृदय की विशालता भी यही थी। आजादी वाली कांग्रेस याद कीजिए। मूल कांग्रेस ऐसी ही विशालहृदया थी; वामपंथी, दक्षिणपंथी, समाजवादी...भिन्न-भिन्न नई-पुरानी विचारधाराओं को अपने में समाहित कर लेने वाली एक बहुरंगी बागीची। यही कांग्रेस की भी शक्ति थी और भारत की भी।

'भारत जोड़ो यात्रा' निश्चित ही कई नयों को कांग्रेस से जोड़ेगी, किन्तु यदि कांग्रेस को आगे के चुनावों में बेहतर प्रदर्शन करना है तो चुनावी जीत के नए औजारों को नियोजित और नियंत्रित करना सीखना होगा। पहले से जुड़े कांग्रेसी न टूटें, इसके लिए भी प्रयास कम जरूरी नहीं। इसके लिए कांग्रेस संगठनकर्ताओं को खुद की आंतरिक कमजोरियों से उबरना ही होगा; वरना् वे कांग्रेस-मुक्त भारत के लिए सिर्फ मोदी-अमित शाह की कारगुजारियों को जिम्मेदार ठहराकर अपनी जिम्मेदारियों से भाग नहीं सकते। वैचारिक जुड़ाव के लिए साहित्य, सोशल-मीडिया, आयोजनों व अपने व्यवहार के जरिए और भी बहुत कुछ करने की जरूरत होती है। आजकल जिस मानस के साथ कोई व्यक्ति किसी राजनीतिक दल का पदाधिकारी बनता है या कहें कि जिस मानस वालों को राजनीतिक दल अपना पदाधिकारी बना रहे हैं उनकी और वोटरों की निजी परेशानी में कुछ मदद करना जरूरी है। यदि पार्टी यह नहीं कर पायेगी, तो वह उस पार्टी में क्यों नहीं चला जाएगा, जो सत्ता में है; खासकर, जब कोई वैचारिक-नैतिक जुड़ाव हो ही नहीं? कांग्रेस में कितने पदाधिकारी अथवा सांसद-विधायक हैं, जिन्होंने उनके रास्ते चलना तो दूर, गांधी, नेहरू, अम्बेडकर अथवा लोहिया को ठीक से पढ़ा भी है? कांग्रेस को विचार करना चाहिए कि यदि वह केन्द्र अथवा ज्यादातर राज्यों में सरकार में नहीं है, तो क्या करे? क्या इंतजार करे? नहीं, जब आप केन्द्र अथवा राज्य सरकार में न हों तो कार्यकर्ता तथा वोटर को देने योग्य बनने की सबसे बड़ी संभावना 'तीसरी सरकार' यानी पंचायती व नगर सरकारों में हमेशा मौजूद रहती है। हालांकि, भारतीय लोकतंत्र के हित में तो यही है कि तीसरी सरकारों को दलमुक्त ही रहने दिया जाए; किन्तु क्या यह सिर्फ कांग्रेस के तटस्थ रहने से होगा? स्थानीय चुनावों को संजीदगी से लेने से बूथ लेवल कार्यकर्ता व वोटर...दोनों की मदद संभव है। इसे और खोलकर समझें कि आम जिन्दगी में असल दिक्कतें तो स्कूल, अस्पताल, थाना, कचहरी, ब्लॉक व तहसीलों से जुड़ी होती हैं। जिस पार्टी का कार्यकर्ता इसमें जिसकी मदद करता है, वह वोटर उस कार्यकर्ता के साथ जुड़ जाता है। उस वोटर का किसी पार्टी से कोई वैचारिक जुड़ाव नहीं होता। वह वोटर, उस कार्यकर्ता विशेष से जुड़ाव के कारण उसकी पार्टी को वोट देता है। पार्टी सत्ता में न हो, तो भी यदि कार्यकर्ता सेवाभावी हो, तो वह मदद कर सकता है। आखिरकार, स्वयंसेवी संगठनों के लोग यही करते हैं। कांग्रेस में 'सेवादल' और 'राजीव गांधी पंचायती राज संगठन' की क्या भूमिका अथवा जिम्मेदारी होनी चाहिए? लेन-देन के संतुलन को लेकर 'भारत जोड़ो' यात्रियों को भी रणनीतिक होने की जरूरत है। कोई यात्रा से क्यों जुड़े? यात्री क्या दे रहे हैं? 'फेविकोल' जोड़ कैसे होगा? यात्री तो विपक्षी राजनीतिक दल अथवा नागरिक संगठनों के नुमाइंदे हैं। वे कह रहे

**सत्ता पक्ष और अधिक तानाशाह न हो जाए; इसके लिए जरूरी है कि प्रतिपक्ष और मतदाता भी मजबूत हों। प्रतिनिधि और मतदाता एक-दूसरे को पुष्ट करने की भूमिका के लिए जुटें। देश की आत्मा पर संकट है। संकट में एकता ही विकल्प है; इसलिए जुड़ें**

हैं कि सत्ता पक्ष और अधिक तानाशाह न हो जाए; इसके लिए जरूरी है कि प्रतिपक्ष और मतदाता भी मजबूत हों। प्रतिनिधि और मतदाता एक-दूसरे को पुष्ट करने की भूमिका के लिए जुटें। देश की आत्मा पर संकट है। संकट में एकता ही विकल्प है; इसलिए जुड़ें। कह सकते हैं कि यात्री एक उम्मीद दे रहे हैं। किस बात की उम्मीद? वे सादगीपूर्ण यात्रा कर रहे हैं। नागरिक संगठनों ने 'भारत जोड़ो' यात्रा में साथ होते हुए भी कांग्रेस की रोटी न खाकर, अपनी रोटी और ठहराव का इंतजाम किया है। भारत-यात्रियों ने यात्रा के दौरान नशामुक्त होने का संकल्प लिया है। यात्री, यात्रा स्थल तक पहुंचने के इंतजाम खुद अपने संसाधनों से करेंगे। यात्री होटल में नहीं रुकेंगे। अपने रुकने और खाने का बोझा किसी अन्य पर नहीं डालेंगे। अपना इंतजाम खुद करेंगे। कंटेनर में रुकेंगे। साझी रसोई साथ चलेगी। यात्रा के प्रतीक चिन्ह, प्रतीक गीत में कांग्रेस का कोई निशान नहीं होगा। कांग्रेस का ध्वज नहीं, बल्कि भारत का राष्ट्रध्वज ही यात्रा का ध्वज होगा। वे बोलने से ज्यादा, सुन रहे हैं। इस सबसे उम्मीद जगती है कि ये सत्ता में आए तो भारत के जनमानस पर अपनी दलगत विचारधारा थोपने के लिए दिमाग में सेंधमारी नहीं करेंगे; जनमानस की सुनेंगे। 'भारत जोड़ो' यात्रा का चुनावी फायदा होगा या नहीं? यह इस पर निर्भर करेगा कि सरकारों व विरोधी संगठनों द्वारा जो कुछ भी अनैतिक व जनविरोधी किया गया है; कांग्रेस, यात्रा से प्राप्त भिन्न-भिन्न ऊजाओं को उसके खिलाफ मौजूद आवेग को कितने बड़े वेग में बदल पाती है? क्या हासिल ऊर्जा, वोटरों में यह भरोसा जगा पाएगी कि चुनावों में कांग्रेस आई तो विकास तो करेगी ही, कम-से-कम संप्रदायों में झगड़े तो नहीं कराएगी? वोटरों के मन में चुनाव से पहले ही एक धुंधला, किन्तु यह विचार अंकुरित कर पाएगी कि इस बार यूपीए गठबंधन सरकार में आ सकता है? ऐसे जोड़क व फलदायी नतीजे सिर्फ यात्रा से पैदा नहीं होंगे। यात्रा प्रबंधकों को जनता के सामने ऐसे ठोस प्रस्ताव, दस्तावेज और उन्हें क्रियान्वित करने की योजना व माध्यम पेश करने होंगे, जो भारत में बढ़ रहे आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक अनाचार को खत्म करने तथा खाइयों को पाटने के व्यावहारिक व विश्वसनीय समाधान हों। 'भारत जोड़ो' यात्रा - ऐसे प्रस्तावों को पेश करने, रायशुमारी करने तथा उन्हें लागू कराने के लिए सरकार पर दबाव बनाने का एक अच्छा माध्यम बन सकती है। कुल मिलाकर यह यात्रा और इससे प्रसारित व प्राप्त ऊर्जा, कांग्रेस के लिए एक सुअवसर है कि वह अपने भीतर-बाहर जो कुछ बदलना चाहती है, बदल डाले। जैसी अंगड़ाई लेना चाहती है, ले सकती है। जैसी नई कांग्रेस बनाना चाहे, बना सकती है।

वह नए पिण्ड में पुरानी आत्मा वाली कांग्रेस बनना चाहती है अथवा पुराने पिण्ड में नई आत्मा वाली कांग्रेस; यह कांग्रेस के नेताओं और कार्यकताओं के तय करने की बात है।

# भारतीय धर्म चिंतन के चार पुरुषार्थ

**हृदय नारायण दीक्षित**

**जीवन** इसी जगत में है और सुख-दुख भी। आनंद भी इसी संसार में है। योग ध्यान भक्ति उपासना इसी संसार में है। भारतीय धर्म चिंतन में चार पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष प्राप्ति का क्षेत्र यही संसार है। संसार त्याग क्षेत्र नहीं है। यह कर्म क्षेत्र, धर्म क्षेत्र व भोग क्षेत्र है। कर्तापन-भक्तापन ही संसार है। लेकिन जीवन रहस्य जटिल है। भारतीय दर्शन और चिंतन में जिज्ञासा का महत्व है। ऋग्वेद प्राचीनतम ज्ञानकोष है। यह जिज्ञासा से भरा-पूरा है। इसके रचनाकाल से लेकर संपूर्ण वैदिक साहित्य में भरी पूरी प्रश्न जिज्ञासा है। मानने पर जोर नहीं है, जानने की इच्छा महत्वपूर्ण है। केन उपनिषद् बड़ी प्यारी पुस्तक है। इसमें अंतःकरण से जुड़े पांच प्रश्न हैं। पहली जिज्ञासा है, 'यह मन किसके द्वारा प्रेरित होकर सक्रिय है?' सीधा सरल प्रश्न है। मन चंचल है। गीता में अर्जुन ने श्रीकृष्ण से कहा- 'हे कृष्ण मन बड़ा चंचल है। चंचलम्‍ हि मनः कृष्णः इसका निग्रह कठिन है। केनोपनिषद् के ऋषि मन के प्रेरक तत्व को जानना चाहते हैं। दूसरा प्रश्न प्राण के सम्बंध में है।' 'यह प्राण किसकी प्रेरणा से काम करता है? कैसे गति करता है ?' तीसरा प्रश्न वाणी पर है- 'हम किसकी इच्छा से बोलते हैं? चौथे प्रश्न का सम्बंध आंखों से है- 'आंखों को काम में कौन लगाता है? पांचवां प्रश्न कान श्रवण पर है- 'कानों के सुनने के लिए कौन प्रेरित करता है?' केनोपनिषद् के पांचों प्रश्न हमारी अंतर्यात्रा से जुड़े हैं। ऋषि ने इन प्रश्नों के उत्तर भी दिए हैं। ज्ञान यात्रा में उत्तर महत्वपूर्ण नहीं होते। प्रश्न उत्तरों से ज्यादा महत्वपूर्ण होते हैं। कभी कभी उत्तर संतोष नहीं देते। संभवतः इसीलिए यजुर्वेद में प्रश्नों को देवता कहा गया है।

महाभारत में युधिष्ठिर और यक्ष के प्रश्नोत्तर हैं। यक्ष द्वारा युधिष्ठिर से पूछे गए प्रश्न हमारी ज्ञान परम्परा की महत्वपूर्ण संपदा हैं। मैं परम्परा और संस्कृति दर्शन का विद्यार्थी हूं। मेरे अंतःकरण में भी अनेक प्रश्न उठते हैं। प्रश्न है कि अंतःकरण में ईर्ष्या या द्वेष कहां से आए? क्यों आए ? कुछ प्राकृतिक दृश्य मनोरम लगते हैं और कुछ असुंदर। ऐसी अनुभूति का आधार क्या है? सुंदर और असुंदर के मानक कब बने? क्यों बने? यश पदार्थ या भौतिक वस्तु नहीं है। तब यश की इच्छा का जन्म कब हुआ और क्यों हुआ? कुछ वस्तुएं, जीव और मनुष्य सुंदर लगते हैं। क्यों लगते हैं? सौंदर्य के मानक क्या हैं ? क्या सुंदरता वास्तविक है? क्या यह देखने वाले व्यक्ति की दृष्टि में होती है? या वस्तु या प्राणी के रूप ही सुंदर होते हैं? हिंसा को समाज ने गलत बताया। हिंसा त्याज्य है। लेकिन संसार हिंसा से भरा पूरा क्यों है? गीत संगीत अच्छे लगते हैं। ऐसा कब से है? और क्यों है? भारतीय मनीषा ने धर्म का विकास किया। लोकमंगल धर्म का अधिष्ठान है। रिलीजन मजहब की आस्था भी है। सबके घोषित लक्ष्य मानवता का संवर्द्धन हैं। लेकिन पंथ मजहब को लेकर हिंसा और रक्तपात क्यों है? आनंद के स्रोत क्या हैं? उपकरण क्या हैं? आनंद है क्या? क्या आनंद भीतरी ही है? या संसारी आत्मीयता है?

अथर्ववेद में भी विस्मयजनित प्रश्न हैं। कुछ प्रश्न मनुष्य शरीर संरचना पर हैं- 'किसके द्वारा एड़ियों और घुटनों को भरा गया? किसने अलग - अलग जांघें बनाई? अंगुलियों और तलुवों को किसने पोषण दिए?' ऋषि को शरीर की संरचना आश्चर्यजनक लगती है। उन्हें लगता है कि यह देवों द्वारा बनाई गई हैं। ऋषि प्रश्न करते हैं - वे कौन देव हैं? कितनी तरह के देवता हैं? जिन्होंने कोहनी, कंधे और पसलियां जोड़ी? ऋषि शरीर के सभी अंगों को ध्यान से देखते हैं। प्रश्न करते हैं, 'किस देवता ने मुख, दो नाक, दो आंख, दो कान व 7 छिद्र बनाए? फिर मनोभावों को लेकर ऋषि जिज्ञासा मजेदार है। सुंदर प्रश्न है, 'प्रिय, अप्रिय, वाणी, निद्रा, स्वप्न, आनंद और हर्ष किस देव के प्रभाव से पुरुष में आए? रूप, सौन्दर्य, महिमा, कीर्ति व जिज्ञासा किन देवों ने प्रतिष्ठित किए? इसी तरह मृत्यु रहस्य की जिज्ञासा है, 'जन्म मृत्यु का विस्तार और ऊषा का प्रकाश किसने किया? अंत में एक उत्तर है, 'उसे निश्चित ही ब्रह्म ज्ञानी जानते हैं।' मैं विनम्र विद्यार्थी की तरह प्रश्न बेचैन हूं। जीवन जगत के रहस्य जटिल हैं। ऋषि बताते हैं कि सभी जिज्ञासाओं का समाधान ब्रह्म ज्ञानी ही कर सकते हैं। तब सहज प्रश्न उठता है कि ब्रह्म क्या है? ब्रह्मसूत्र अथातो ब्रह्म जिज्ञासा से प्रारम्भ होता है। ब्रह्म ज्ञानी ब्रह्म हो जाते हैं। सूत्र शब्दों से बनते हैं। मन में प्रश्न उठता है, 'क्या वास्तविक ज्ञान के लिए शब्द पर्याप्त है? भारतीय चिंतन में केवल अध्यात्म जिज्ञासा ही नहीं है। मनुष्य शरीर जटिल संरचना है। आधुनिक विज्ञान ने काया पर काफी शोध किया है। शरीर का अध्ययन एनाटामी कहा जाता है। शरीर प्राण धारण करता है, बुद्धि उपलब्ध ज्ञान का विवेचन करती है। इस विवेचन के आधार मानक परिवर्तित होते रहते हैं। सभी मनुष्य एक जैसे नहीं होते। अस्तित्व में अरबों मनुष्य हो चुके है। कोई दो मनुष्य एक जैसे नहीं हुए। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने कहा है कि- 'जब भी किसी शिशु के जन्म की सूचना मिलती है, प्रतीत होता है कि ईश्वर अभी थका नहीं, नवसृजन जारी है।' शतपथ ब्राह्मण में एक प्रश्न है, 'मनुष्य को कौन जानता है - को वेद मनुष्यस्य। मनुष्य साधारण विषय नहीं है। इसे जानना आसान नहीं। कोई प्रयोगशाला मनुष्य का ज्ञान नहीं करा सकती और न ही कोई ग्रन्थ। मनुष्य के अध्ययन के लिए सर्वाधिक महत्वपूर्ण सहायक हम स्वयं हैं। हम मनुष्य हैं। हम मनुष्य अपने भीतर जा सकते हैं। किसी दूसरे मनुष्य के भीतर पैठना आसान नहीं। स्वयं का अध्ययन स्वयं के द्वारा ही करने का कोई विकल्प नहीं। यह कठिन नहीं और सरल भी नहीं। हमारे भीतर का संसार भी बहुत बड़ा है। यहां राग हैं, द्वेष हैं। तमाम धारणाएं हैं। कुछ ग्रंथों को पढ़कर भी ऐसी धारणाएं बनती हैं। तमाम धारणाएं उधार की हैं। स्व अनुभूति से पैदा धारणाएं उपयोगी होती हैं। स्वयं के द्वारा स्वयं को पढ़ने का अपना मजा है। भीतर हम और बाहर संसार। संसार और हम जुड़े हुए हैं। हिन्दू दर्शन में ये दो नहीं है। संसार में धरती और आकाश हैं। अग्नि तेजस हैं। जलमाताएं हैं। वायु प्राण संवर्द्धक हैं। वनस्पतियां हैं। ग्रह नक्षत्र हैं।

सूर्य चंद्र हैं। प्रश्न उठते हैं कि धरती, आकाश, जल, अग्नि और वायु किसने बनाए? और क्यों बनाए? वनस्पतियों व लाखों प्राणियों की रचना किसने की? सौर मण्डल का निमार्ता विधाता कौन है? ज्ञान का आधार क्या है? प्रकाश और अंधकार का सर्जक कौन है? मैं स्वयं ऐसे प्रश्नों को लेकर व्याकुल हूँ। महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि मैं कौन हूं और क्यों हूं? पृथ्वी आकाश और ज्ञानी जन हमारी जिज्ञासा शांत करें।

**(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)**

# एकता की मिसाल, पटेल बेमिसाल

**योगेश कुमार गोयल**

**साल** 1875 में 31 अक्टूबर को गुजरात के खेड़ा जिले के नाडियाड में एक किसान परिवार में जन्मे सरदार वल्लभ भाई पटेल को एकता की मिसाल कहा जाता है। स्वतंत्रता संग्राम से लेकर मजबूत और एकीकृत भारत के निर्माण में उनके योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। आजाद भारत को एकजुट करने का श्रेय पटेल की राजनीतिक और कूटनीतिक क्षमता को ही दिया जाता है। भारत के राजनीतिक एकीकरण के लिए सरदार पटेल के इसी अविस्मरणीय योगदान को चिरस्थायी बनाए रखने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनकी जयंती (31 अक्तूबर) को ह्यराष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। देश की आजादी के उपरांत 500 से भी ज्यादा देशी रियासतों का एकीकरण किया जाना सबसे बड़ी समस्या थी। दरअसल अंग्रेज भारत से जाते-जाते कुटिलता के साथ करीब 550 देशी रियासतों को खुद ही अपने भविष्य के निर्णय का अधिकार दे गए थे। उसके पीछे उनका उद्देश्य था कि इतनी बड़ी संख्या में रियासतों के स्वायत्त रहते भारत के लिए स्वयं को एकजुट रख पाना बेहद मुश्किल होगा। सरदार पटेल ने इस गंभीर चुनौती को स्वीकार किया और बहुत ही कम समय में कुशलता के साथ इन सारी रियासतों के एकीकरण का कार्य सम्पन्न कराने में सफल हुए। उन्होंने आजादी के ठीक पहले पी.वी. मेनन के साथ मिलकर कई देशी रियासतों को भारत में मिलाने का कार्य आरंभ कर दिया था। उस समय देशभर में सैकड़ों ऐसी देशी रियासतें थी, जो स्वयं में सम्प्रभुत्ता प्राप्त थी, जिनका अपना अलग झंडा और अलग शासक था। दोनों ने इनके शासकों को समझाया कि उन्हें स्वायत्तता देना संभव नहीं होगा। इसका असर यह हुआ कि केवल तीन रियासतों को छोड़कर बाकी सभी रियासतों-रजवाड़ों ने अपनी मर्जी से भारत में विलय का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। हैदराबाद के निजाम ने जब भारत में विलय का प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया तो पटेल ने वहां सेना भेजकर निजाम का आत्मसमर्पण कराया। विरोध होने पर जूनागढ़ का नवाब भागकर पाकिस्तान चला गया और तब जूनागढ़ भारत में मिला लिया गया। इसलिए सरदार पटेल को भारत का बिस्मार्क (जर्मन साम्राज्य का प्रथम चांसलर) भी कहा जाता है। पटेल स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री और पहले उप प्रधानमंत्री बने। उनका व्यक्तित्व बचपन से ही प्रभावशाली था। बैरिस्टर की पढ़ाई उन्होंने लंदन से पूरी की। वापस आकर अहमदाबाद में वकालत की।महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर भारत के स्वतंत्रता आन्दोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने बारडोली सत्याग्रह का नेतृत्व भी किया। इससे प्रसन्न होकर वहां की महिलाओं ने ही वल्लभ भाई पटेल को सरदार की उपाधि प्रदान की थी।

भारतीय संविधान के निर्माण में भी पटेल का महत्वपूर्ण योगदान है। वे मूलाधिकारों पर बनी समिति के अध्यक्ष थे और उन्होंने अधिकारों को दो भागों (मूलाधिकार तथा नीति-निर्देशक तत्व) में रखने का सुझाव दिया था। वह राजनीति में भाई-भतीजावाद के खिलाफ थे।उन्होंने अपने बेटे को राजनीति से दूर रखकर इसका सर्वोच्च उदाहरण पेश किया। उन्होंने अपने पुत्र दहयाभाई को तब तक यथासंभव दिल्ली से दूर रहने को कहा था, जब तक कि वह स्वयं दिल्ली में रहें। उनके हृदय में ईमानदारी की भावना किस कदर कूट-कूटकर भरी थी, इसका इससे बेहतर बेमिसाल उदाहरण नहीं हो सकता कि उनके निधन के बाद खोजबीन किए जाने पर उनकी निजी सम्पत्ति के नाम पर उनके पास कुछ नहीं था। बगैर लाग-लपेट, सीधा-स्पष्ट, कड़ा और खरा बोलने के लिए विख्यात रहे पटेल ने अपने जीवन में आई तमाम कठिनाइयों से पार पाते हुए सदैव उन पर सफलता हासिल की, इसीलिए उन्हें लौहपुरुष के रूप में जाना जाता है। हार्ट अटैक के कारण यह लौहपुरुष 15 दिसम्बर, 1950 को दुनिया से विदा हो गया। उन्हें मरणोपरांत 1991 में भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न दिया गया।

उनके निधन पर पं. नेहरू ने कहा था- सरदार पटेल का जीवन एक महान गाथा है, जिससे हम सभी परिचित हैं और पूरा देश यह जानता है। इतिहास इसे कई पन्नों में दर्ज करेगा और उन्हें राष्ट्र-निमार्ता तथा नए भारत का एकीकरण करने वाला कहेगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# कांग्रेस की मजबूती के लिए उठाने होंगे कदम

**जगदीश रत्तनानी**

**बदलाव** का सबसे महत्वपूर्ण पहलू शशि थरूर जैसे गैर-नेताओं को पार्टी पर थोपने के प्रयास की विफलता है जो उन लोगों के समूह के एक प्रतिनिधि हैं जिनका कांग्रेस में योगदान लगभग शून्य है और अब पार्टी के एक बड़े महत्वपूर्ण क्षण से ध्यान भटकाने और हटाने के लिए अनुचित किस्म के साइड शो को प्रदर्शित करने में व्यस्त हैं। 21वींसदी में मल्लिकार्जुन खड़गे का गैर-गांधी परिवार से कांग्रेस का पहला अध्यक्ष चुना जाना न केवल कांग्रेस पार्टी के लिए बल्कि पूरे देश के लिए अच्छी खबर है। खड़गे ऐसे व्यक्ति हैं जो खामोशी के साथ पार्टी का काम करने वाले जमीन से जुड़े हुए हैं और जानते हैं कि लंबे समय तक पार्टी की सेवा करने का क्या मतलब है। जो गलत तरीके से शोर नहीं मचाते, जैसा कि उनके प्रतिद्वंद्वी ने अध्यक्ष पद का चुनाव हारने पर किया है। इस बदलाव के महत्व को बढ़ा-चढ़ाकर पेश नहीं किया जा सकता है। नए अध्यक्ष का चुनाव इस बार डबल दीपावली उत्सव का अवसर दे रहा है क्योंकि अब भाजपा के हमले के खिलाफ कांग्रेस एक ठोस मोर्चा पेश करने के लिए काम करेगी। यह इंगित करता है कि पार्टी में पारिवारिक नियंत्रण के बारे में जो कुछ भी कहा जाता है (और जो कांग्रेस की निराधार आलोचना नहीं है) उसके बावजूद पार्टी और परिवार धीमी गति से ही क्यों न हो, इस अवसर पर उठने और बदलाव लाने में सक्षम रहे हैं। यह सच है कि यह केवल एक शुरूआत है लेकिन परिवर्तन छोटे पैमाने से शुरू हो सकता है तथा समय के साथ व्यापक होने की क्षमता रखता है।

## सूचना न देने वाले प्रधानाध्यापकों पर करें कार्यवाहीः डीएम



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बीएसए लवप्रकाश यादव को निर्देश दिये कि विद्यालयों में 19 कार्यों में प्रगति करायें। प्रत्येक ब्लाक में पांच-पांच विद्यालय में क्या सामान भेजा गया है। प्रधानाचार्य के सूचना न देने पर उनके खिलाफ कार्यवाही करायें। खण्ड शिक्षाधिकारियों का माह अक्टूबर का वेतन तब तक रोका जाये, जब तक यूसी नहीं आ जाती। शनिवार को कलेक्टेªट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम अभिषेक आनन्द ने जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति, अभ्युदय योजना एवं कायाकल्प बाबत बैठक में बीएसए से कहा कि टास्क फोर्स के जिला स्तरीय अधिकारी प्रत्येक माह विद्यालय का निरीक्षण करें। 14 बिन्दुओं के कार्य तेजी से कराये जायें। बीडीओ से सम्पर्क कर रैम्प, रेलिंग, बालक-बालिका दिव्यांग शौचालय, हैण्डवाश, ब्लैक बोर्ड व रनिंग वाटर आदि के कार्य पूर्ण कराये जायें। खण्ड शिक्षाधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के विद्यालयों से निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर प्रधान व सचिव से मिलकर कायाकल्प के कार्य पूरे करायें। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन नहीं हैं, वहां कनेक्शन करायें तथा जो सोलर सेट लगे हैं, उन्हें संचालित करायें। डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह से कहा कि विद्यालयों की चहारदीवारी का निर्माण शुरू है। संबंधित डीडीओ से सम्पर्क कर निर्माण कार्य शुरू करायें। बीएसए लवप्रकाश यादव से कहा कि टास्क फोर्स समिति के अधिकारी विद्यालयों में निरीक्षण के बाद पोर्टल में फीड नहीं कर रहे हैं। विद्यालयों के निरीक्षण में गैरहाजिर शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही की जाये। डीपीआरओ तुलसीराम से कहा कि दस-दस विद्यालयों को चिन्हित कर डायनिंग शेड बनाने का कार्य शुरू करायें। बीएसए बीआरसी का निरीक्षण कर विद्यालयों को गोद लेने की समिति का पंजीयन करायें। अभ्युदय योजना शासन की महत्वपूर्ण योजना है। जिलाधिकारी ने विद्यालयों के आपरेशन कायाकल्प के तहत फर्नीचर, शौचालय, पेयजल, स्मार्ट क्लास, मिड-डे-मील, बाउंड्रीवाल, पठन-पाठन, पुस्तक वितरण, दिव्यांग शौचालय, विद्युतीकरण, मानव सम्पदा सामर्थ्य, आधार वेरीफिकेशन, एमडीएम डायनिंग शेड, बच्चों के आधार कार्ड की प्रगति, निपुण भारत अभियान, विद्यालयों को गोद लेने, निपुण लक्ष्य आदि योजनाओं की समीक्षा की।

## उद्यान की योजनाओं का किसान उठायें लाभः डीएचओ




**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने रामनगर ब्लाक के बांधी गांव में किसान चैपाल में आये किसानों को विभागीय औद्यानिक योजनाओं की जानकारी दी। किसानों से कहा कि विभागीय पोर्टल पर आनलाइन पंजीयन कराकर एकीकृत बागवानी विकास मिशन की योजना का लाभ उठायें।

शनिवार को जिला उद्यान अधिकारी आशीष कटियार ने किसानों से कहा कि संकर सब्जी क्षेत्र विस्तार एवं मसाला क्षेत्र विस्तार में किसानों को निःशुल्क बीज मिलते हैं। किसानों को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत ड्रिप, मिनी स्प्रिंकलर, पोर्टेबल स्प्रिंकलर व रेनगन के लाभ के बारे में जानकारी दी। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना में जो किसान अपना स्वयं का उद्योग लगाने के इच्छुक हैं, वह उद्यान विभाग में सम्पर्क करें। उन्होंने बताया कि उद्योग लगाने के इच्छुक किसानों को लागत का 35 फीसदी अधिकतम दस लाख रुपया अनुमन्य है। चैपाल में आये किसानों को पांच-पांच विभागीय पम्पलेट बांटे। कहा कि मोहल्ले-पुरवों में ज्यादा से ज्यादा किसानों को जानकारी दें। बैठक में बांधी के प्रमोद कुमार, शिवसेवक, चिन्तामणि, प्रशांत कुमार, सुनील प्रसाद व सहायक उद्यान अधिकारी पीयूष कुमार आदि मौजूद रहे।

## गांजा समेत दो आरोपी गिरफ्तार



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर राजापुर थाने के दरोगा राजीव कुमार सिंह की टीम ने इस्माइल खां पुत्र इसहाक खां निवासी रायपुर बांगर के कब्जे से एक किलो सौ ग्राम गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। टीम में दरोगा राजीव कुमार सिंह के साथ सिपाही शुभम त्रिपाठी, उमेन्द्र त्रिपाठी शामिल रहे।

इसी क्रम में शनिवार को ही मानिकपुर थाना के दरोगा बलदेव सिंह ने सिपाही रामकेश यादव के साथ करन कोल पुत्र झल्लर कोल निवासी मुरकट्टा मजरा ऊंचाडीह के कब्जे से एक किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में जेल भेजा है। पहले भी ये आरोपी विभिन्न मुकदमों में जेल जा चुका है। मऊ थाने के दरोगा मेवालाल मौर्य की टीम ने वारंटी राकेश पुत्र बैजनाथ निवासी सुरजो का पुरवा मजरा सुरौंधा के खिलाफ वारंट होने पर दबोचा है। मऊ थाने के दरोगा इमरान खान की टीम ने वारंटी नत्थू पुत्र चुन्ना यादव निवासी हिनौतामाफी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

## छठः जगमग हुए घाट, गोताखोर भी तैनात



**गोरखपुर।** छठ महापर्व को सकुशल संपन्न कराने के लिए शनिवार को जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश और एसएसपी गौरव ग्रोवर ने राप्ती नदी स्थित राजघाट का दौरा किया। यहां बने छठ घाटों पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और तैयारियों के बावत जांच पड़ताल की। सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हैं। जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने सिटी मजिस्ट्रेट अंजनी कुमार सिंह, नगर आयुक्त अविनाश सिंह, क्षेत्राधिकारी कोतवाली रत्नेश्वर सिंह के साथ मौके पर पहुंचकर स्थानीय निरीक्षण किया। जिला अधिकारी कृष्ण करुणेश ने निर्देश देते हुए कहा कि घाटों की साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता होना चाहिए। अभी कुछ स्थानों पर साफ सफाई में कमी देखने को मिल रही है। इसके बाद सफाई कार्य में एक बार फिर तेजी आई। ज्ञातव्य हो कि गोरखपुर में राजघाट, रामगढ़ ताल, गोरखनाथ, मानसरोवर, बड़हलगंज, गोला, पिपराइच समेत सभी नगर पंचायत क्षेत्रों में छठ घाट है। इन विभिन्न क्षेत्रों में घाघरा, राप्ती, रोहिन आदि नदियों के किनारे बने छठ घाटों पर पूजा होती है।

**हर घाट पर तैनात हैं नोडल अधिकारीः** छठ घाटों पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। हर क्षेत्रीय लेखपाल को अपने-अपने क्षेत्र के घाटों पर मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं।

व्रती महिलाओं को किसी प्रकार की असुविधा ना होने पाए, इसकी हिदायत भी दी गई है। जिलाधिकारी कृष्ण करुणेश का कहाना है कि लोक आस्था के महापर्व छठ पर विशेष व्यवस्था है।

## बीमारी से बचाव को करायें एंटी लार्वा का छिडकावः डीएम

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने प्रदेश सरकार के निदेर्शों के क्रम में जिले में संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान के तहत विभिन्न गांवों में एंटी लार्वा के छिडकाव के कडे निर्देश दिये हैं। शनिवार को जिले में बडी तेजी से पैर पसार रहे डेंगू से बचाव को शासन के निर्देश पर जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान के तहत दरसेडा, चिल्लीमल, अहिरा व मानिकपुर, बल्दाऊगंज कर्वी वार्ड 25, जिला जज आवास, न्यायालय परिसर, जिला पंचायत कार्यालय आदि गांवों व विभिन्न कार्यालयों में झाडियों की कटाई व नालियों की सफाई तथा डोर-टू-डोर समीक्षा करें। विभागीय कर्मचारी व पशुपालन विभाग सुअर पालकों से तालमेल बनाकर दवा का छिडकाव करायें। उन्होने कहा कि नगर पालिका कर्वी कचहरी न्यायालय में एंटी लार्वा का छिडकाव करायें। उन्होंने कडे निर्देश दिये हैं कि संचारी रोग व दस्तक अभियान के तहत प्रत्येक वार्ड व गांव में साफ-सफाई कराकर एंटी लार्वा का छिडकाव संबंधित अधिकारी करायें, ताकि जिले में किसी प्रकार की बीमारी न फैले।

## अपात्र कार्डधारक जमा करें राशन कार्डः डीएसओ

**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** जिला पूर्ति अधिकारी बीके महान ने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अंत्योदय तथा पात्र गृहस्थी राशनकार्ड धारकों की पात्रता एवं अपात्रता का सत्यापन जिलाधिकारी की गठित टीम को तीस दिन में पूरे करने के निर्देश दिये गये हैं। शनिवार को जिला पूर्ति अधिकारी बीके महान ने बताया कि जिलाधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक गांव के ग्राम विकास अधिकारी व ग्राम पंचायत अधिकारी तथा लेखपाल को और शहरी क्षेत्र में ईओ नगर पालिका व नगर पंचायत के कर्मचारियों को नामित कर जांच टीम गठित की गई है। जांच टीम तीस दिन में कार्डधारकों की पात्रता एवं अपात्रता का सत्यापन कर आख्या देंगे। उन्होंने कहा कि अपात्र राशनकार्ड धारकों के राशनकार्ड निरस्त कर उनके स्थान पर वंचित पात्र कार्डधारकों के राशन बनाये जायेंगे। जो भी कार्डधारक पात्रता की श्रेणी से बाहर हैं, वे तत्काल अपना राशन कार्ड जिला पूर्ति कार्यालय में समर्पित कर दें। अन्यथा अपात्र पाये जाने पर राशन कार्ड तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

## खादों के सत्यापन को 38 दुकानों पर की छापेमारी



**अखंड भारत संदेश**
**चित्रकूट।** किसानों के उपयोग में आने वाली खाद की कालाबाजारी रोकने को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द के निर्देश पर कृषि विभाग के उर्वरक निरीक्षक व अन्य विभागों के अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित कर छापेमारी की गई। विभिन्न उर्वरक विक्रेताओं के 38 स्थानों पर छापेमारी कर खाद के 13 नमूने लिए गये। शनिवार को जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ल ने बताया कि 38 दुकानों से 13 नमूने लेकर परीक्षण को प्रयोगशाला भेजा गया है। नतीजे मिलने पर उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत कार्यवाही की जायेगी। इन दिनों रबी फसलों की बुवाई चल रही है। बुवाई में डीएपी व एनपीके, यूरिया व अन्य खादों को किसान खरीद रहे हैं।

किसानों को निर्धारित मूल्य पर डीएपी, यूरिया व अन्य खाद उपलब्ध कराने को छापेमारी की जा रही है। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि खाद विक्रेता खाद का अवैध भंडारण कर कृत्रिम अभाव पैदा कर रहे हैं। कालाबाजारी व ओवर रेटिंग, यूरिया के साथ अन्य उत्पादों की टैगिंग रोकने को शासन के निर्देश पर गठित जिला स्तरीय टीम ने चारों तहसीलों में छापेमारी की है।

उर्वरक विक्रेताओं की दुकानों व गोदामों का निरीक्षण कर पीओएस मशीन से भौतिक स्टाक का सत्यापन किया। जिन दुकानों में कमी मिली है, उन्हें अभिलेख दुरुस्त करने के निर्देश दिये गये हैं। सभी विक्रेताओं को रेट बोर्ड, स्टाक का प्रदर्शन व केवल पीओएस मशीन के जरिये ही उर्वरक बिक्री को निर्देशित किया है।

## 'संन्यास के बाद आराम से भारत-पाकिस्तान का मैच देखना चाहता हूं'



**मेलबर्न।** भारत-पाकिस्तान के बीच कोई मैच हो तो हर कोई उसे देखना चाहता है। दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी इवेंट्स में ही एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ती हैं। ऐसे में फैंस में मुकाबले को देखने की उत्सुकता ज्यादा हो जाती है। ऑस्ट्रेलिया के टी20टी कप्तान आरोन फिंच ने स्वीकार किया कि संन्यासा लेने के बाद जब भी उन्हें मौका मिलेगा, वह चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान के मैत को क्रिकेट के मैदान पर भिड़ते हुए देखने का मौका कभी नहीं गंवाएंगे। फिंच ने मेलिंडा फैरेल से उसके यूट्यूब चैनल पर कहा, ÷परिणाम चाहे जो भी होज मुझे लगता है कि भारत-पाकिस्तान का मैच अद्भुत था। मैं वास्तव में घर पर बैठा था, घबराया हुआ! मैं बिल्ड-अप को देखकर घबरा गया था क्योंकि मुझे पता है कि यह कितना बड़ा मैच है। संन्यास के बाद मैं कहीं जाकर आराम से भारत-पाकिस्तान का मैच देखना चाहता हूं और मैं उस दिन का इंतजार नहीं कर सकता। पाकिस्तान के खिलाफ विराट कोहली ने नाबाद 82 रनों की पारी खेली थी। कोहली की प्रशंसा करते हुए फिंच ने कहा, ÷यह क्या था ज विराट कोहली का मास्टरक्लास था। आपने हमेशा देखा है कि सिर्फ तीन ओवर बचे हुए हैं लेकिन अगर आप अभी भी क्रीज हैं तो कुछ भी हो सकता है। आप जानते हैं कि कोहली विपक्ष पर कितना दबाव डालता है और हां यह बहुत अच्छा देखने वाला मैच था। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया बनाम इंग्लैंड मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद फिंच ने निराशा व्यक्त की। फिंच ने कहा, ÷मैंने इस स्टेडियम में अब तक का सबसे गीला अनुभव देखा है। रन-अप एक वास्तविक मुद्दा था और आंतरिक घेरे के आसपास मैदान बहुत गीला था। यह खिलाड़ियों की सुरक्षा के लिए सही नहीं था। हमने दूसरे दिन जिम्बाब्वे के एक खिलाड़ी को नीचे गिरते देखा। यदि आप वहां दौड़ने की कोशिश कर रहे हैं, तो यह एक वास्तविक मुद्दा होने जा रहा है। मेलबर्न में जितनी बारिश हुई है वह अद्भुत है।'

## अफगानिस्तान के लिए मुसीबत बनी मेलबर्न की बारिश, टी-20 विश्व कप से बाहर होने का खतरा



**मेलबर्न।** बारिश के कारण लगातार दूसरी बार, अफगानिस्तान क्रिकेट टीम प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने का मौका गंवा बैठी। एमसीजी में बारिश से तीन मैच धुल गए। अफगानिस्तान के दो मैच बारिश से धुल गए हैं और एक में उसे हार का सामना करना पड़ा है, जिससे टीम पर विश्व कप से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है। बारिश के कारण अब अफगानिस्तान को अन्य परिणामों पर निर्भर होना पड़ेगा।

इंग्लैंड के कप्तान जोस ने कहा, यह कठिन है, अफगानिस्तान के टूर्नामेंट में दो गेम धुल गए हैं, और वह भी तब जब आपको केवल पांच मैच खेलने थे। मुझे लगता है कि यह हम सभी के लिए स्वाभाविक रूप से निराशाजनक है।

अफगानिस्तान के कप्तान मोहम्मद नबी ने कहा, इस तरह के अद्भुत मैदान पर नहीं खेल पाने से बहुत निराश हूं। मैंने और राशिद ने यहां बहुत सारे बीबीएल मैच खेले हैं, लेकिन अधिकांश खिलाड़ी यहां खेलने का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन यह हमारे हाथ में नहीं है। हमारी तैयारी वास्तव में अच्छी थी, हमने इंग्लैंड के खिलाफ अपने पहले मैच से बहुत कुछ सीखा और अपनी गलतियों पर काम किया। हम इन 2 मैचों के लिए पूरी तरह से तैयार थे, लेकिन दुर्भाग्य से, हमें खेलने को नहीं मिला।

अफगानिस्तान के कोच, जोनाथन ट्रॉट ने कहा, यह बहुत निराशाजनक है। जाहिर है, न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच के बाद, आपने सोचा था कि यह दो बार होने वाला नहीं है। एक ऐसा मैच, जो हमारे लिए बहुत ही महत्वपूर्ण था, कहीं और स्थानांतरित हो सकता था।

ट्रॉट ने कहा, निराशाजनक बात यह भी है कि यहां एक स्टेडियम है जिसकी छत भी है ताकि आप वहां क्रिकेट खेल सकें। लेकिन ऐसा नहीं हो सका। हम बहुत क्रिकेट खेल सकते थे।

## पाकिस्तान को बाबर और रिजवान पर निर्भरता कम करनी होगीः संजय बांगर

**मुंबई।** आईसीसी टी-20 विश्व कप की जब शुरुआत हुई थी तो पाकिस्तान की उम्मीदें कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान की प्रसिद्ध सलामी जोड़ी पर टिकी हुई थीं, हालांकि दोनों ही भारत और जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले दो मैचों में विफल रहे। दोनों की विफलता टीम पर भी भारी पड़ी और पाकिस्तान को शुरुआती दोनों मैचों में हार का सामना करना पड़ा, जिससे पाकिस्तान पर टूर्नामेंट से बाहर होने का खतरा मंडराने लगा है।

स्टार स्पोर्ट्स के शो 'क्रिकेट लाइव' पर टीम इंडिया के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर ने कहा कि पाकिस्तान को रन बनाने के लिए बाबर और रिजवान पर निर्भरता कम करनी होगी और मध्य क्रम के बल्लेबाजों को भी आगे बढ़कर जिम्मेदारी उठानी होगी।

उन्होंने कहा, 'एशिया कप के बाद से उन्हें देखने के बाद, हम सभी जानते हैं कि बाबर और रिजवान पर पाकिस्तानी बल्लेबाजी की अधिक निर्भरता है। जैसे ही ये दोनों खिलाड़ी आउट होते हैं, ड्रेसिंग रूम और डगआउट में हड़कंप मच जाता है, यह आदर्श संकेत नहीं है। सारा श्रेय इफ्तिखार और शान मसूद को जाता है, क्योंकि भारत के खिलाफ पहले मैच में भी, उन्होंने पारी को संभाला और अपने मुख्य बल्लेबाजों के सस्ते में आउट होने के बावजूद पाकिस्तान को मैच में वापसी दिलाई। मुझे लगता है, कभी-कभी अभ्यास मैचों के दौरान एक साथ नहीं खेलना, पहले और फिर दूसरे मैच में आउट होने का मतलब है कि मध्य क्रम को बहुत काम करना पड़ता है और यह किसी भी टीम के लिए आदर्श परिदृश्य कभी नहीं होता है, जिसमें मध्य क्रम इतना अस्थिर होता है कि वे इतनी जल्दी दबाव को संभाल नहीं पाते हैं।'

बांगर ने आगे कहा, 'ठीक है, उन्हें अब वास्तव में वास्तविकता को देखना होगा। हो सकता है, बारिश से प्रभावित कुछ मैच भी उनके लिए तारणहार हो, लेकिन उन्होंने चीजों को अपने नियंत्रण से बाहर कर दिया है क्योंकि जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच उनकी मुट्ठी में था। ऐसे कई मौके आए जब वे आसानी से लक्ष्य तक पहुंच सकते थे। लेकिन शान मसूद और शादाब खान का आउट होना और आखिरी ओवर में नवाज का विकेट फेंकना पाकिस्तान को भारी पड़ गया।'

# चिनपिंग के तीसरे कार्यकाल की मंजूरी के बाद चीन ने पुतिन के प्रति पूर्ण समर्थन का वादा दोहराया

**बीजिंग।** रूस के प्रति अपने समर्थन पर चीन ने एक बार फिर से मुहर लगाते हुए पूर्ण समर्थन का वादा एक बार फिर से दोहराया है। चीन ने यह वादा कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) की अहम बैठक कांग्रेस के बाद रूस के प्रति अपनी रणनीति में बदलाव की संभावना की खबरों को खारिज करते हुए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को दृढ़ समर्थन देने की बात कही है। सीपीसी कांग्रेस ने पांच साल के रिकार्ड तीसरे कार्यकाल को लेकर राष्ट्रपति शी चिनपिंग पर मुहर लगाई है। चीन के विदेश मंत्री वांग ई ने बृहस्पतिवार को रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव से टेलीफोन पर बातचीत की।

**वांग सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के सबसे प्रभावशाली निकाय**

24 सदस्यीय पोलित ब्यूरो के लिए निर्वाचित हुए हैं और वह विदेशी नीति मामलों पर शी के शीर्ष अधिकारी के रूप में उभरकर



सामने आए हैं। वह अगले साल मार्च में अपना नया पदभार ग्रहण करेंगे। पार्टी कांग्रेस के बाद वांग ने रूस को चीन द्वारा निरंतर दिए जा रहे महत्व को प्रमुखता से प्रकट करने के लिए सबसे पहले लावरोव को फोन किया।

एक रिपोर्ट में वांग ने कहा कि चीन सभी स्तरों पर विनिमय को गहरा बनाने तथा सभी क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंध एवं सहयोग को नई ऊंचाई तक ले जाने को इच्छुक है। लावरोव से बातचीत के दौरान वांग ने कहा, चीन भविष्य में रूस का दृढतापूर्वक समर्थन करता रहेगा ताकि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में रूसी जनता कठिनाइयों से बाहर आए, सभी बाधाएं दूर करें तथा अपने विकास रणनीति लक्ष्यों को अमलीजामा पहनाएं एवं वैश्विक पटल पर एक ताकत के रूप में रूस के दर्जे को और मजबूत कर पाएं। ऐसी अटकलें थी कि यूक्रेन में अपनी लड़ाई में पुतिन को मिले झटकों के आलोक में शी कांग्रेस के बाद उनके प्रति पूर्ण समर्थन के रुख में कुछ बदलाव कर सकते हैं। दरअसल पुतिन ने पिछले महीने समरकंद में शंघाई सहयोग संगठन सम्मेलन के मौके पर भेंट के दौरान शी से कहा था कि वह चीन के प्रश्नों एवं चिंताओं को समझते हैं।

# नहीं मान रहे किम जोंग: उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर की ओर दागी बैलिस्टिक मिसाइल

**सोल।** उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग उन दुनिया की किसी भी ताकत के दबाव में नहीं आ रहे हैं। किम जोंग की अगुवाई में उत्तर कोरिया ने एक बार फिर पूर्वी सागर की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दाग दी है। इससे कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव लगातार बढ़ रहा है।दक्षिण कोरिया द्वारा बार-बार रोके जाने और आपत्ति जताने के बावजूद उत्तर कोरिया की परमाणु तैयारियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। दक्षिण कोरिया की सेना ने जानकारी दी है कि उत्तर कोरिया ने पूर्वी सागर की ओर बैलिस्टिक मिसाइल दागी है। दक्षिण कोरिया का कहना है कि उत्तर कोरिया में सत्तारूढ़ किम जोंग के इशारे पर लगातार मिसाइल परीक्षण किये जा रहे हैं। इस महीने ही उत्तर कोरिया ने जापान के ऊपर से भी एक मिसाइल दागी थी। दक्षिण कोरिया के संयुक्त सेना के प्रमुख ने ताजा मिसाइल परीक्षण की पुष्टि की,



किन्तु उसका अधिक ब्यौरा देने से इनकार कर दिया। अमेरिका व उसके सहयोगियों की तमाम कोशिशें भी किम जोंग पर कोई असर नहीं डाल पा रही हैं। बीते दिनों अमेरिका एवं उसके सहयोगियों ने साझा बमबारी का अभ्यास किया, किन्तु किम जोंग लगातार मिसाइलें दाग रहे हैं। अगले सप्ताह भी अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया साझा हवाई सैन्य अभ्यास विजिलेंट स्टॉर्म करने वाले हैं। दक्षिण कोरिया लगातार चेतावनी भी दे रहा है कि उत्तर कोरिया परमाणु परीक्षण की तैयारी कर रहा है। इस कारण क्षेत्र में सुरक्षा संकट और गहराने की आशंका भी जताई जा रही है।

इस बीच अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा परमाणु परीक्षण की आशंका पूरी दुनिया को परेशान कर रही है। उन्होंने दावा किया कि अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी हालात पर पूरी सतर्कता से नजर बनाए हुए हैं। एजेंसी चाहती है कि परमाणु परीक्षण न हो, किन्तु दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से संकेत गलत दिशा में जा रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि उत्तर कोरिया अपने परमाणु शस्त्रों का उन्नयन करने के साथ नए शस्त्रों का निर्माण भी कर रहा है।

# अगले महीने मिस्त्र, कंबोडिया और इंडोनेशिया दौरे पर जाएंगे राष्ट्रपति जो बाइडन : व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन संयुक्त राष्ट्र के सीओपी27 जलवायु परिवर्तन शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए अगले महीने मिस्त्र जाएंगे।

व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। व्हाइट हाउस ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति वार्षिक अमेरिका-आसियान शिखर सम्मेलन और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए 12-13 नवंबर तक कंबोडिया में रहेंगे, जिसके बाद वह जी-20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के लिए 13 से 16 नवंबर तक इंडोनेशिया के बाली की यात्रा करेंगे।व्हाइट हाउस ने कहा कि 11 नवंबर को मिस्त्र के शर्म अल-शेख में होने वाले सीओपी27 शिखर सम्मेलन में बाइडन जलवायु परिवर्तन के खिलाफ जारी वैश्विक लड़ाई को गति देंगे।




वह जलवायु परिवर्तन से होने वाले दुष्प्रभावों को दूर करने के लिए अमेरिका द्वारा किए गए महत्वपूर्ण कार्यों को भी रेखांकित करेंगे।

अमेरिका-आसियान शिखर सम्मेलन और कंबोडिया में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में बाइडन वाशिंगटन डीसी में हुए ऐतिहासिक अमेरिका-आसियान विशेष शिखर सम्मेलन की सफलता को रेखांकित करते हुए दक्षिण पूर्व एशिया और आसियान के प्रति अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि करेंगे।वहीं, बाली में आयोजित होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में बाइडन वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 80 प्रतिशत से अधिक हिस्से का प्रतिनिधित्व करने वाले जी-20 समूह के देशों के साथ आर्थिक सहयोग को लेकर अमेरिका की प्रतिबद्धता प्रकट करेंगे।

## हमले में जख्मी अमेरिकी संसद की अध्यक्ष के पति पेलोसी के सिर, हाथ की सर्जरी

**वाशिंगटन ।** हमले में गंभीर रूप से जख्मी अमेरिकी संसद के प्रतिनिधि सभा सदन की अध्यक्ष नैन्सी पेलोसी के पति पाल पेलोसी (82)के सिर और हाथ की सर्जरी की गई है। यह जानकारी नैन्सी पेलोसी ने बयान जारी कर दी। डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ और प्रवक्ता ड्रू हैमिल ने कहा कि पेलोसी परिवार, मेडिकल टीम और कानून प्रवर्तन अधिकारियों का आभारी है। पाल पेलोसी के कुछ दिन में पूरी तरह ठीक होने की उम्मीद है।

उल्लेखनीय है कि नैन्सी के आवास में एक व्यक्ति ने घुसकर उनके पति पाल पेलोसी पर हथौड़े से हमला किया था।पाल पेलोसी के सिर और दाहिने हाथ में गंभीर चोट आई है। यह खुलासा हुआ है कि हमलावर का निशाना पाल पेलोसी नहीं, बल्कि नैन्सी थीं। हमलावर ने घर में दाखिल होने के बाद पाल पर हमले से पहले तेज आवाज में पूछा- नैन्सी कहां है? पाल को अमेरिका में बड़ा निवेशक माना जाता है। घटना के समय नैन्सी पेलोसी आवास में नहीं थीं। अमेरिकी शासन व्यवस्था में राष्ट्रपति जो बाइडन के ठीक बाद स्पीकर पेलोसी का स्थान है। पेलोसी कुछ हफ्ते पहले ताइवान यात्रा को लेकर चर्चा में रही है। पुलिस के मुताबिक नैन्सी पेलोसी के आवास में दाखिल हो कर हमला करने वाले 42 वर्षीय डेविड डेपापे को गिरफ्तार कर लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। शुरुआती पूछताछ में डेपापे ने बताया कि वह नैन्सी का इंतजार कर रहा था। वह तीन मंजिल के लाल ईंटों से बने आवास में पिछले दरवाजे से घुसा था। इस घटना से कुछ देर पहले ही नैन्सी पेलोसी यूरोप में हुए एक सम्मेलन में हिस्सा लेकर वाशिंगटन लौटी थीं।

## पाकिस्तान में 10 वर्षीय हिंदू बच्ची की 80 साल के बुजुर्ग से जबरन शादी

**कराची।** पाकिस्तान में गैर मुस्लिम लोगों के साथ ज्यादतियों का सिलसिला बदस्तूर जारी है, विशेष कर हिंदू महिलाओं के साथ। हिंदू महिलाओं व लड़कियों के साथ जबरन विवाह और बदसलूकी आम बात हो गई है। ताजा मामले में सिंध प्रांत में 22 अक्टूबर को 10 साल की हिंदू बच्ची के साथ जबरन 80 वर्षीय बुजुर्ग के मुस्लिम के साथ शादी का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक जमींदार मुल्ला राशिद के गुंडों ने 10 वर्षीय बच्ची का अपहरण किया और उसे इस्लाम कुबूल करने के लिए बाध्य किया। इसके बाद 80 वर्षीय विधुर मुल्ला राशिद के साथ उसकी शादी करा दी गई। इसके पहले सिंध में ही एक अन्य घटना में विवाहित हिंदू महिला शांति मेघवार का चार हथियारबंद लोगों ने अपहरण कर लिया। महिला का जबरन मतांतरण कराया गया और मंजूर शेख नामक व्यक्ति से उसकी शादी कर दी। महिला की मां ने आरोप लगाया कि एसएचओ इरफान दस्तिकोल ने एफआईआर पंजीकृत नहीं की, क्योंकि वह 5,000 पाकिस्तानी रुपये रिश्वत नहीं दे सकी। इसके अलावा हिंदुओं के साथ अन्य घटनाओं में सिंध के शिकारपुर जिले में बाढ़ से विस्थापित नौ वर्ष की एक बच्ची के साथ अज्ञात लोगों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। दो लोगों ने मंगलवार को कराची के क्लिफ्टन इलाके में लड़की को कार में जबरन बिठा लिया और उसके साथ दुष्कर्म करने के बाद हजरत अब्दुल्ला शाह गाजी की मजार के पास छोड़ दिया। सिंध हाई कोर्ट ने बुधवार को इस घटना पर संज्ञान लेते हुए उपमहानिरीक्षक को 27 अक्टूबर को कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है।

## सरसों तेल की फिर से बढ़ने लगीं कीमतें

**श्रीगंगानगर।** सर्दी बढ़ने के साथ ही सरसों तेल की कीमतों में फिर से तेजी का दौर आ रहा है। इसी कारण सरसों के भाव भी करीब 850 रुपये प्रति क्विंटल उछल गए हैं। समर्थन पाकर एगमार्क सरसों तेल भी महंगा हो गया है। दीपावली से पहले होलसेल में 122 रुपये प्रति किलो बिकने वाला सरसों तेल इन दिनों 142 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गया है। इसके अलावा अन्य खाद्य तेलों में भी 17 से 20 रुपये की तेजी आई है। उद्यमी संजय महीपाल ने बताया कि उपभोक्ता मांग निकलने से सोयाबीन एवं सरसों तेल सहित अन्य खाद्य तेलों के भाव वर्तमान में लगातार उछल रहे हैं।भारत में त्योहारी सीजन में खाने के तेलों की मांग बढ़ने के कारण पाम तेल उत्पादों में आयात बढ़ने की संभावना से मलेशिया सहित अन्य देशों में दाम उछल गए हैं।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
Title UPHIN 29506
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:-
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# फिलीपीन में बाढ़ और भूस्खलन में 42 लोगों की मौत

**कोताबातो (फिलीपीन)।** फिलीपीन के दक्षिणी प्रांत में भारी भरकम बारिश के बाद आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 42 लोगों की मौत हो गई और 16 अब भी लापता हैं जबकि कुछ लोग अपने घरों में फंसे हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पूर्व गुरिल्ला लड़ाकों द्वारा प्रशासित पांच मुस्लिम स्वायत्त प्रांतों के गृह मंत्री नगुइब सिनारिम्बो ने बताया कि मैगुइन्डानाओ प्रांत के तीन शहर प्राकृतिक आपदा से सबसे अधिक प्रभावित हैं, जहां पर बाढ़ में डूबने या मलबे में दबने से अधिकतर मौतें हुई हैं।

सिनारिम्बो ने एसोसिएटेड प्रेस को टेलीफोन पर बताया, पूरी रात मूसलाधार बारिश होने से मलबे के साथ पानी पहाड़ों से होते हुए नदियों में आया जिससे बाढ़ आई। उन्होंने कहा कि मैं उम्मीद कर रहा हूं कि हताहतों की संख्या नहीं बढ़ेगी लेकिन अब भी कुछ इलाके हैं जहां पर हम नहीं पहुंच पाए हैं। उन्होंने कहा कि



सुबह से बारिश की रफ्तार कम हुई जिससे कई शहरों में बाढ़ का पानी घट रहा है। सिनारिम्बो ने बताया कि मेयर, गवर्नर और आपदा प्रबंधन अधिकारियों से मिली जानकारी के मुताबिक 27 लोगों की मौत तटीय शहर दातू ओडिन सिन्सुआट, 10 लोगों की मौत दातु ब्लाह सिन्सुआट में हुई है जबकि पांच लोगों की जान उपी शहर में गई है। सिनारिम्बो ने बताया कि दातु ब्लाह सिन्सुआट में छह लोग लापता हैं जबकि 10 अन्य उपी शहर में लापता हैं। सिनारिम्बो ने बताया बचाव दल ने सूचना दी है कि दातु ओडिन सिन्सुआट में पहाड़ी की तलहटी में बसे आदिवासी गांव कसियोंग में 11 ग्रामीणों के शव मिले हैं। उन्होंने बताया कि बाढ़ और भूस्खलन से समुदाय के कुछ घर भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि शुरुआत में बचाव कर्मी कुछ लोगों को बचाने में सफल रहे, लेकिन अब वे शवों को निकाल रहे हैं।

सिनारिम्बो ने बताया कि अब भी अनिश्चतता की स्थित बनी हुई है क्योंकि कुसियोंग गांव में कितने लोग दबे हैं, इसे लेकर आपदा के बाद समुदाय में भ्रम की स्थिति है। सेना के अधिकारियों ने बताया कि मैगुइन्डानाओ में कम से कम 42 लोगों की मौत हुई और बल स्थानीय आपदा टीमों के साथ मिलकर फंसे लोगों को निकालने में मदद कर रहा है। उन्होंने बताया कि विस्थापितों को सेना के ट्रक से राहत शिविर ले जाया जा रहा है।

मौसम विभाग के मुताबिक उष्णकटिबंधीय तूफान नालगेई की वजह से इलाके में भारी बारिश हो रही है और इसके पूर्वी तट वाले इलाके में टकराने की आशंका है। सरकारी मौसम वैज्ञानिक सैम दुरान ने बताया कि शुक्रवार दोपहर उत्तरी समर प्रांत के पूर्वी शहर काटरमैन से 180 किलोमीटर दूर था और यह उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ रहा है जिससे 85 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। एक अन्य अधिकारी और सरकारी मौसम पूर्वानुमान इकाई ने बताया कि करीब पांच हजार लोगों को चक्रवात के मद्देनजर सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। हालांकि, इसके जमीन से टकराने के बाद ताकतवर होने की उम्मीद नहीं है।

# भारत की मदद के बिना बांग्लादेश को स्वतंत्र कर पाना संभव नहीं होता : मेयर मोहिउद्दीन अहमद

**ढाका।** भारतीय सेना की प्रत्यक्ष भागीदारी के बिना बांग्लादेश को सौ साल में भी स्वतंत्र कर पाना संभव नहीं होता। बांग्लादेश में पटुआखली नगर पालिका के मेयर मोहिउद्दीन अहमद ने उक्त बात कही है। उनके अनुसार, सौ साल में भी बांग्लादेश को पाकिस्तानी सैनिकों के हाथों से मुक्त करना संभव नहीं होता अगर भारत के बहादुर सैनिकों ने हवाई, समुद्री और जमीन से सीधे पाकिस्तानी सेना के खिलाफ लड़ाई नहीं लड़ी होती। अहमद ने हिन्दुस्थान समाचार से खास बातचीत में भारत-बांग्लादेश के प्रगाढ़ संबंधों पर कई बड़ी बातें कही हैं।

वह बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में भारत के योगदान का सही इतिहास पेश करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। वह 1952 के भाषा आंदोलन से लेकर पाकिस्तानी सेना के आत्मसमर्पण तक के ऐतिहासिक क्षणों को विभिन्न चित्रों और मूर्तियों को स्थापित करके उजागर करने के अपने प्रयासों को जारी रखे हुए है। पटुआखली जिले के विभिन्न स्थानों में कुछ दुर्लभ पेंटिंग और मूर्तियां स्थापित की गई हैं। इन सभी में बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की उंगलियां उठाकर भाषण देना और पाकिस्तान के आक्रमणकारियों के आत्मसमर्पण की पेंटिंग आदि शामिल हैं। यह पूछे जाने पर कि इन दुर्लभ मूर्तियों और चित्रों को क्यों स्थापित किया गया, मेयर



मोहिउद्दीन अहमद ने कहा कि बांग्लादेश के निर्माण के महान नायक बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान की हत्या के बाद बांग्लादेश पर कट्टरपंथी स्वतंत्रता विरोधियों ने कब्जा कर लिया था। आज भी मजहबी प्रचार के नाम पर आजादी के इतिहास को मिटाने के लिए तरह-तरह के दुष्प्रचार हो रहे हैं। नवीनतम जमात-ए-इस्लामी स्वतंत्रता-विरोधी समूह बांग्लादेश के स्वतंत्रता संग्राम में बंगबंधु और भारत के योगदान को मिटाने के लिए यू-ट्यूब सहित विभिन्न सोशल मीडिया में झूठा प्रचार कर रहे हैं। यू-ट्यूब पर यह भी प्रचारित किया जा रहा है कि भारतीय सेना ने उस समय मुक्ति संग्राम में भाग लिया था जब स्वतंत्रता सेनानी बांग्लादेश को लगभग मुक्त कर रहे थे। लेकिन हकीकत यह है कि अगर भारत के वीर सैनिक पाकिस्तान की सेना के खिलाफ सीधे हवाई, समुद्री और जमीन से नहीं लड़ते, तो सौ साल में भी बांग्लादेश को आक्रमणकारियों के हाथों से मुक्त करना संभव नहीं होता।

अहमद ने यह भी कहा कि विभिन्न प्रचारों के बावजूद इन मूर्तियों और चित्रों को इसलिए लगाया गया है ताकि नई पीढ़ी इतिहास की सच्चाई से अवगत रहे। यह पूछे जाने पर कि क्या मूर्तियों और चित्रों का कोई नामकरण किया गया है, मेयर ने कहा कि जिला आयुक्त भवन के सामने चौराहे का नाम 'स्वाधीनता चौक' रखने पर विचार किया जा रहा है। बाकी दो स्मारकों के नाम अभी तय नहीं हुए हैं। हालांकि नामकरण का मामला काफी हद तक जिला परिषद की मंजूरी पर निर्भर है।

नामकरण के बारे में पूछे जाने पर पटुआखाली जिला परिषद के अध्यक्ष वकील मो. हाफिजुर रहमान ने कहा कि मेयर ने अच्छी पहल की है। नवनिर्वाचित जिला परिषद के सदस्य पहले सत्र में ही नामों को मंजूरी देने की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने कहा ऐसी मूर्तियां, पेंटिंग और स्मारक हर जिले और उप जिो में महत्वपूर्ण चौराहों पर स्थापित किए जाने चाहिए।

## मुंबई हमले को लेकर भारत की फटकार पर पाकिस्तान से आया जवाब, कहा- आतंकियों के खिलाफ पेश करें सबूत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों पर मुकदमा चलाने और उन्हें दंडित करने में उसकी विफलता को लेकर भारत द्वारा की गई आलोचना को खारिज करते हुए कहा कि उसे इस मामले को 'प्रभावी ढंग से निपटाने के लिए ''ठोस और कानूनी सबूतों' की आवश्यकता होगी। मुंबई में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की आतंकवाद निरोधी समिति की विशेष बैठक में उद्घाटन भाषण देते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद समेत मुंबई आतंकी हमलों के मुख्य षड्यंत्रकारियों को ''अब भी संरक्षण प्राप्त है और उन्हें दंडित नहीं किया गया है। ' वह स्पष्ट रूप से लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हाफिज सईद जैसे आतंकवादियों का जिक्र कर रहे थे, जिन्हें मुंबई हमलों में उनकी भूमिका के लिए दंडित नहीं किया गया है। विदेश मंत्री ने कहा, ''एक आतंकवादी



(अजमल कसाब) को जीवित पकड़ लिया गया, भारत के शीर्ष न्यायालय ने उसे सजा सुनाई, जबकि 26/11 हमलों के मुख्य षडयंत्रकारियों को अब भी संरक्षण प्राप्त है और उन्हें दंडित नहीं किया गया है।' जयशंकर ने कहा कि जब कुछ आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने का कदम उठाया गया, तो कुछ मामलों में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ''राजनीतिक कारणों से, खेदजनक रूप से' कार्रवाई नहीं कर सकी। उन्होंने चीन का स्पष्ट रूप से संदर्भ देते हुए यह बात कही, जिसने कई मौकों पर पाकिस्तानी आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने के लिए यूएनएससी में लाये गये प्रस्तावों में रोड़ा अटकाया है।

# अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की स्पीकर नैंसी पेलोसी के पति पर हथौड़े से हमला

**वाशिंगटन।** ताइवान यात्रा के बाद दुनिया भर में चर्चा में आई अमेरिकी प्रतिनिधि सभा की अध्यक्ष (स्पीकर) नैंसी पेलोसी के सैन फ्रांसिस्को के घर में तड़के हमलावर ने घुसकर उनके पति पॉल पेलोसी पर हथौड़े से हमला किया। पॉल पेलोसी का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

घटना की जांच करने वाले दो अधिकारियों ने बताया कि नैंसी के पति पॉल पेलोसी (82) के सिर और शरीर पर कुंद वस्तु से हमला किए जाने से चोटें आई हैं। उन्हें एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सक उनका उपचार कर रहे हैं। नैंसी पेलोसी के प्रवक्ता ड्रीव हैमिल ने बताया कि पॉल के चोटों से पूरी तरह से उबर जाने की उम्मीद है। हैमिल ने बताया कि हमलावर को हिरासत में ले लिया गया है और हमले के मकसद का पता लगाया जा रहा है। हैमिल ने एक बयान में कहा कि स्पीकर और उनका परिवार घटना के बाद उनकी मदद करने वालों और मेडिकल कर्मियों के आभारी हैं। साथ ही, उन्होंने इस वक्त अपनी निजता का सम्मान किए जाने का अनुरोध किया। संसद सदस्यों की सुरक्षा की जिम्मेदार संभाल रही कैपिटल पुलिस ने कहा कि नैंसी अपने पति पर हुए हमले के वक्त वाशिंगटन में थीं। नैंसी यूरोप में एक सुरक्षा सम्मेलन के इसी हफ्ते वाशिंगटन लौटी हैं। कैपिटल पुलिस ने कहा कि एफबीआई और सैन फ्रांसिस्को पुलिस भी जांच कर रही है। हमलावर सैन फ्रांसिस्को पुलिस की हिरासत में है। हमले की परिस्थितियां स्पष्ट नहीं हैं, लेकिन हमले ने अमेरिकी संसद सदस्यों और उनके परिवार की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। दरअसल, अमेरिकी संसद पर पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप समर्थकों के धावा बोलने के दो वर्षों बाद यह खतरा अपने चरम पर है। पॉल एक निवेशक हैं। नैंसी और पॉल की पांच संतान हैं। इस साल मई में, कैलिफोर्निया के नापा काउंटी में हुई एक कार दुर्घटना के मामले में उन्होंने शराब के नशे में लापरवाही से वाहन चलाने का अपना अपराध स्वीकार किया था और उन्हें पांच दिनों की कैद की सजा सुनाई गई थी। साथ ही, अदालत ने उन्हें तीन वर्षों तक नियमित रूप से एक अधिकारी के समक्ष उपस्थित होने का आदेश दिया था। घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सीनेट में बहुमत दल के नेता चक स्कमर ने कहा कि पॉल पेलोसी के साथ जो कुछ हुआ वह एक नीचतापूर्ण कृत्य है। मैंने आज सुबह स्पीकर पेलोसी से बात की और उनके पति के साथ जो कुछ हुआ, उस बारे में अपनी गहरी चिंता व्यक्त की। मैं उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव करीन जीन पियरे ने कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन ने भी नैंसी के साथ संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि पॉल पेलोसी और स्पीकर पेलोसी के पूरे परिवार के लिए राष्ट्रपति प्रार्थना कर रहे हैं। आज सुबह उन्होंने इस भयावह हमले के बाद अपना समर्थन जताने के लिए स्पीकर पेलोसी को कॉल किया। राष्ट्रपति ने सभी तरह की हिंसा की निंदा की है और पेलोसी के परिवार की निजता का सम्मान करने को कहा।